हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024

# भाजपा के 20 सांसद सदन से गायब, इनमें दो छत्तीसगढ़ के, विजय बोले- दवाई लेने गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

लोकसभा में एक देश, एक चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ। भाजपा ने पहले ही अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर सदन में उपस्थित में रहने के लिए कहा था, इसके बाद भी 20 सांसद मतदान के समय अनुपस्थित रहे। अब इन सांसदों को भाजपा नोटिस देने की तैयारी में है। इनमें से दो सांसद छत्तीसगढ़ के हैं। दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने कहा, मेरी तबीयत खराब थी, मैं मेडिकल में दवाई ले रहा था, जैसे ही मैं पहुंचा, तब तक दरवाजा बंद हो गया था। छत्तीसगढ़ के एक और सांसद रायगढ़ के राधेश्याम राठिया के बारे में जानकारों का कहना है, वे तो दिल्ली ही नहीं गए थे, वे मंगलवार को अपने क्षेत्र में थे, बाद में वे शाम तक दिल्ली पहुंचे हैं।

लोकसभा में मंगलवार को एक देश, एक चुनाव के लिए 129वां संविधान (संशोधन) बिल पेश किया गया। बिल के लिए पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई गई। कुछ सांसदों की आपत्ति के बाद वोट संशोधित करने के लिए फिर पर्ची से मतदान हुआ। दरअसल 12:10 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा ▶▶| शेष पेज 4 पर

## वन नेशन-वन इलेक्शन वोटिंग से गायब रहने वालों को मिल सकता है नोटिस

### राठिया दिल्ली में ही नहीं थे

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया के बारे में बताया जा रहा है कि वे अपने क्षेत्र में ही कुछ कार्यक्रमों में थे, वे बाद में शाम को दिल्ली पहुंचे, लेकिन तब तक दोपहर में बिल को लेकर मतदान हो चुका था। अब उनको भी नोटिस का सामना करना पड़ेगा।





### गायब सांसदों को देना होगा जवाब

सदन में मतदान के समय भाजपा के 20 सांसद गायब थे। इसको लेकर पार्टी ने सख्त रुख अपनाया है। पार्टी ने इन सभी को नोटिस देने की तैयारी की है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि ज्यादातर सांसद सदन में थे, लेकिन मतदान के समय किसी कारणवश सदन में नहीं थे, इसलिए उनको भी नोटिस का सामना करना पड़ेगा। जानकारों का कहना है कि एक केंद्रीय मंत्री भी उस समय टायलेट गए थे, लेकिन जब तक वे लौटे दरवाजा बंद हो गया था। छत्तीसगढ़ के लोकसभा में दस सांसद हैं। इनमें से दो सांसदों के भी गायब होने की खबर है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल भी उस समय सदन में नहीं थे, उन्होंने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा, उनकी तबीयत खराब थी, वे मेडिकल में दवाई लेने गए थे, जब तक वे सदन में पहुंचे, दरवाजा बंद हो गया था।

# 'एक देश-एक चुनाव' विधेयक जेपीसी के हवाले, पक्ष में 269, विपक्ष में 198 मत

**लोकसभा में केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने किया पेश, सियासत गरमाई**

**32 पार्टियां विधेयक के साथ, 15 ने विरोध जताया**

- केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पेश किया
- विपक्षी सांसदों ने बिल का विरोध किया
- स्पीकर ओम बिड़ला ने बिल पेश करने को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई
- 467 सदस्यों ने वोट डाला। पक्ष में 269, विपक्ष में 198 वोट पड़े।
- कानून मंत्री मेघवाल ने लोकसभा में दोबारा बिल पेश किया।

*इस वक्त देश में एक बार फिर एक देश एक चुनाव की चर्चा जोरों पर है। संसद के शीतकालीन सत्र में मंगलवार केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा के पटल पर एक देश एक चुनाव के लिए 129 वां संविधान संशोधन बिल पेश किया। कई दलों की आपत्ति के बाद बिल को दोबारा पेश करने को लेकर वोटिंग हुई। पक्ष में 269 सांसदों ने और विपक्ष में 198 ने मतदान किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच मंगलवार को निचले सदन में पेश किया। उन्होंने कहा कि इस पर व्यापक विचार-विमर्श के लिए इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को निचले सदन में पुरःस्थापित करने के लिए रखा, जिनका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया। सदन में मत विभाजन के बाद 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, ▶▶| शेष पेज 4 पर





### पहली बार मशीन से वोटिंग

वन नेशन, वन इलेक्शन बिल को चर्चा और पारित किए जाने को लेकर मतदान हो रहा है। पहली बार लोकसभा में इलेक्ट्रॉनिक डिवीजन होगा। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आपको प्रक्रिया भी बताई जाएगी। इसके बाद सेक्रेटरी जनरल उत्पल कुमार सिंह ने व्यवस्था बताई।

### विपक्ष ने जताया कड़ा ऐतराज

- तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह प्रस्तावित विधेयक संविधान के मूल ढांचे पर हमला है। यह 'अल्ट्रा वायर्स' (कानूनी अधिकार से परे) है। इस विधेयक को स्वीकार नहीं किया जा सकता।
- कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि ये दोनों विधेयक संविधान और नागरिकों के वोट देने के अधिकार पर आक्रमण हैं। निर्वाचन आयोग की सीमाएं अनुच्छेद 324 में ▶▶| शेष पेज 2 पर

### कोविंद बोले- चुनाव प्रक्रिया को मिलेगा प्रोत्साहन

इधर, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक कार्यक्रम में कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' संबंधी केंद्र का प्रस्ताव अगर लागू हो जाता है, तो इससे चुनाव प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिलेगा। देश के आर्थिक विकास में भी यह मददगार साबित होगा। कोविंद देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावनाओं पर विचार करने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष थे। इस समिति का गठन भारत सरकार ने सितंबर 2023 में किया था।

## यह भी समझिए

### नए विधेयक में क्या

विधेयक में पहली बात लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ में कराने की है। इन चुनावों के साथ नगर निकायों और पंचायत के चुनाव भी कराए जाएंगे। जिन राज्यों की विधानसभा के चुनाव आम चुनाव के बाद होने हैं, उनका भी कार्यकाल घटा दिया जाएगा।

### सदन भंग हुई तो क्या ...

अगर लोकसभा या फिर विधानसभा को बीच में भंग करना पड़ता है तो मध्यावधि चुनाव पांच साल में बाकी बचे समय के लिए ही करवाया जाएगा। विधेयक मे आर्टिकल 82 (ए), 172 और 327 को शामिल करने का प्रस्ताव है। 82ए में लोकसभा और विस के चुनाव साथ कराने का प्रावधान है।

### मध्यावधि चुनाव

13 दिसंबर को सामने आई विधेयक की कॉपी के मुताबिक आर्टिकल 327 में विधानसभा चुनाव को लेकर संसद के नियम बनाने के अधिकार के बारे में बताया गया है।

### राष्ट्रपति ही करेंगे ऐलान

आम चुनाव के बाद राष्ट्रपति ही ऐलान करेंगे कि एक साथ चुनाव कब से करवाए जाएंगे। यह भी कहा जा रहा है कि 2029 के लोकसभा चुनाव पहले की ही तरह करवाए जाएंगे। इसके बाद राष्ट्रपति लोकसभा की पहली बैठक के दौरान ऐलान करेंगे कि 2034 से विधानसभा, लोकसभा के चुनाव साथ में करवाए जाएंगे।




॥ जय सतनाम ॥
18 दिसम्बर अमर रहे
समरसता, समानता, संविधान
मनखे मनखे एक समान
चन्द्रशेखर आजाद
संस्थापक : भीम आर्मी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
आजाद समाज पार्टी (कां.)
विनय रतन सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भीम आर्मी
समस्त मानव समाज को गुरु घासीदास जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
लोकतंत्र के
प्रहरी बने
मनोज बंजारे
प्रदेश उपाध्यक्ष भीम आर्मी, छत्तीसगढ़
मो.: 98279-58613
पिताम्बर जांगड़े
रायपुर
दीपक कुमार खुंटे
जांजगीर- चांपा
शीतकरण महिलवार
दुर्ग
दिनेश आजाद
उपाध्यक्ष, भीम आर्मी
तुलेश दास महंत
महासचिव, भीम आर्मी
रामस्वरुप महिलांगे
प्रदेश महासचिव,भीम आर्मी
वीरेंद्र कुर्रे
प्रदेश प्रवक्ता
संतोष निराला
कोषाध्यक्ष
भीम आर्मी
हिंताज खड़बन्धे
प्रदेश मीडिया प्रभारी
भीम आर्मी
विजय सोनवानी
प्रदेश कार्यकारिणी
भीम आर्मी
लेखराम गिलहरे
उदय चरण बंजारे
रोहित कुमार
Aditya Advt.
विनीत : समस्त सतनामी समाज, छत्तीसगढ़
देश निर्माण के लिए भीम आर्मी भारत एकता मिशन से जुड़ें
• संतोष निराला 9399364095 • सीत करण महिलवार 7440384980 • संजु धृतलहरे 9303395572,
• हेमन्त आदिले 9399265038 • मनिन्दर निराला 8461964442 • विरेन्द्र कुर्रे 7440384980

रायपुर
बुधवार, 18 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 23, अंक : 152
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 28.6
न्यून. 11.8

## पोटाकेबिन में पढ़ रहे छात्र ने मेकाज में तोड़ा दम

**पखवाड़ेभर में तीसरी मौत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

बीजापुर जिले के भैरमगढ ब्लाक स्थित भटवाड़ा में संचालित बालक आवासीय रेसीडेन्सीयल पोटाकेबिन में अध्ययनरत छात्र ने उपचार के दौरान डि म रा पा ल मे डि क ल कॉलेज में दम तोड़ दिया। पखवाड़ेभर में यह तीसरी मौत है, जब आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे की जान गई। ताजा मामला बीजापुर ▶▶|शेष पेज 4 पर

- आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत मासूमों की मौत का सिलसिला जारी

**दिल की बीमारी व निमोनिया**

भटवाड़ा पोटाकेबिन के अधीक्षक यसदेव कश्यप ने बताया कि रविवार शाम अचानक छात्र की तबियत खराब होने से छात्र को स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ शाम करीब 5 बजे पहुंचाया गया। भैरमगढ़ अस्पताल मे डॉक्टरों ने जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान तबीयत ▶▶|शेष पेज 4 पर

# एनटीए अब भर्ती परीक्षा नहीं केवल कॉलेज, विवि के ही कराएगी एंट्रेंस टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**खास खबर**

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट (यूजी) पेपरलीक मामले पर इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित की गई उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर अब केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के पुनर्गठन की कवायद शुरू कर दी है। साथ ही यह भी तय किया है कि एनटीए अब केवल देश में उच्च शिक्षण संस्थानों जैसे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाएं ही आयोजित करेगी। इसके अलावा उसके द्वारा विभिन्न विभागीय पदों में भर्ती के लिए किसी परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया ▶▶|शेष पेज 4 पर

- नीट पेपरलीक के बाद गठित की गई उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश के आधार पर लिया गया निर्णय
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मीडिया को संबोधित करते हुए दी जानकारी

**नीट-2025 के पैटर्न पर जल्द होगा फैसला**

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2025 में कराई जाने वाली नीट प्रवेश परीक्षा के पैटर्न को लेकर जल्द फैसला लिया जाएगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि यह महत्वपूर्ण परीक्षा पेन व पेपर मोड में होगी या कंप्यूटर आधारित होगी।



**शिक्षा सुधार पर मिली 101 सिफारिशें**

प्रधान ने बताया कि पेपरलीक मामले पर जून-2024 में गठित की गई उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंप दी है। इसे मंत्रालय ने कार्रवाई-कदमों के अनुमोदन के साथ सर्वोच्च न्यायालय को सौंप दिया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### सुबोध सिंह की वापसी तय



**रायपुर।** प्रतिनियुक्ति पर केंद्रीय सरकार की सेवा में गए भारतीय प्रशासनिक सेवा के छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी सुबोध सिंह की छत्तीसगढ़ में वापसी हो रही है। बताया गया है कि केंद्र सरकार ने वापसी के लिए हरी झंडी दे दी है। श्री सिंह यहां प्रमुख सचिव के रूप में सेवाएं देंगे।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा, चार की मौत



**आगरा।** आगरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा की ओर जा रही दो कारों के बीच सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात टक्कर हुई।

### बीमा पॉलिसी के नाम पर ठगी, चार गिरफ्तार



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में बंद पड़ी बीमा पॉलिसी को फिर से चालू कराने के नाम पर कथित रूप से ठगी के मामले में गिरोह के चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। ये लोग पीएनबी मेटलाइफ पॉलिसी धारकों को अपना शिकार बनाते थे।

### 4.7 करोड़ की कोकीन बरामद



**मुंबई।** मुंबई के दक्षिणी क्षेत्र में 4.7 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ (कोकीन) रखने के आरोप में 44 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की एक टीम ने आरोपी इमरान याकूब शेख को मुंबई के डोंगरी इलाके से गिरफ्तार किया।

# जल बिना मिशन...निकला दम

> जल जीवन मिशन अब समापन की ओर है, लेकिन हालात यह हैं कि गांव गांव में पानी पहुंचाने की यह योजना परवान ही नहीं चढ़ सकी। कहीं नल सूखे हैं, कहीं टंकियां खाली पड़ी हैं और कहीं कहीं टंकी ही नहीं बनी, जहां बनी, वहां पाइप लाइन नहीं बिछी। एक तरफ पानी नहीं मिल रहा है और दूसरी ओर ठेकेदारों को भुगतान भी नहीं हो सका। मिशन खत्म होने के बाद उनके पैसों का क्या होगा, यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

- जल जीवन मिशन का बुरा हाल, कहीं नल नहीं कहीं टंकी गायब, मिशन का अब समापन हो रहा
- ठेकेदारों को भी भुगतान नहीं, मिशन खत्म हुआ तो पैसे मिलेंगे या नहीं, बड़ा सवाल



**अंबिकापुर में चार साल में अधूरा पड़ा है काम**

चार साल का लंबा समय गुजरने के बावजूद सरगुजा में जल जीवन मिशन के स्वीकृत दर्जनों पानी टंकियों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो सका है। सरगुजा के 40 से अधिक गांवों में पानी टंकी तो बन गई है लेकिन पर्याप्त जल स्रोत उपलब्ध नहीं होने के कारण ▶▶|शेष पेज 4 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बिलासपुर

**अलग खबर**

योजना की शुरुआत ग्रामीण इलाकों को स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से की गई थी, लेकिन योजना की हालत गंभीर है। रायपुर संभाग के कुछ इलाकों के साथ बिलासपुर और सरगुजा संभाग में कहीं टंकियां अधूरी हैं, तो कहीं पाइप लाइन बिछी हैं, लेकिन पानी सप्लाई का नामोनिशान नहीं है।

ग्रामीण पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं और अफसरों की मनमानी से योजनाएं अधर में लटकी हैं। बिलासपुर के बिल्हा, तखतपुर, मस्तूरी और कोटा इलाके के गांवों में जल जीवन मिशन की दुर्दशा दिखाई दे रही है। कई जगह पाइप बिछा दिए गए हैं, लेकिन पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। कई गांवों में एक साल से पानी का ▶▶|शेष पेज 4 पर

**रायगढ़ में दो ठेकेदारों का टेंडर रद्द, 24 हजार घरों तक पहुंचा पानी**



**जांजगीर में 4 साल बाद भी 75 फीसदी गांवों में पानी नहीं**

जांजगीर चांपा जिले में 424 गांव में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत टंकी बनाकर हर घर पानी सप्लाई करने की योजना 4 साल पहले प्रारंभ की गई थी। फिलहाल 83 गांव में ही पानी सप्लाई हो पा रही है। सवाल है कि जब 4 सालों में सिर्फ 25 प्रतिशत काम पूरा हुआ है तो बाकी 75 फीसदी गांव में अधूरी पड़ी योजना कब पूरी होगी। कहीं पाइपलाइन का काम अधूरा है तो कहीं पाइप लाइन बिछाने और टंकी निर्माण करने के बाद जल स्रोत ▶▶|शेष पेज 4 पर

**कोरिया की कई पंचायतों में शो पीस बने स्टैंड पोस्ट**

कोरिया में भी कई पंचायत क्षेत्रों में लाखों खर्च करने के बाद भी जल जीवन मिशन का काम अधूरा पड़ा है। हाल ये है कि जिले के लगभग सभी पंचायत क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार के घर के सामने जल जीवन मिशन के नल के पोस्ट खड़े बस कर दिए गए हैं लेकिन पानी नहीं है। ग्रामीण यहां पर गाय-बकरी को बांध रहे हैं। गर्मी बीती, बरसात बीत गई और अब ठंड भी ▶▶|शेष पेज 4 पर

## प्रदेश में जल जीवन मिशन का गणित ऐसा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 50 लाख 05 हजार 147 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना है। फिलहाल 39 लाख 93 हजार 400 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, जो लक्ष्य का 78 प्रतिशत है। प्रदेश में जिन जल स्रोतों की उपलब्धता के आधार पर योजना शुरू हुई। उनमें से कई स्रोतों में पानी की कमी प्रभावित और अन्य कारणों से नए जल स्रोत विकसित करने की आवश्यकता ने योजना को पीछे ढकेल दिया। वहां टंकी बन गई, पाइप लाइन खींच दी गई। नल लगा दिए गए, लेकिन पानी नहीं पहुंचा पाए। बस्तर, सरगुजा, धमतरी सहित कई ▶▶|शेष पेज 4 पर

- कुल बजट की 33.46 प्रतिशत राशि खर्च
- 19656 ग्रामों में से सिर्फ 4722 में ही योजना का काम पूरा

## कोटवार की बहाली के लिए बाबू ने मांगे थे 50 हजार और बकरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

निलंबित कोटवार की बहाली के लिए कानूनगो शाखा के बाबू ने रिश्वत में 50 हजार रुपए और बकरा की मांग की। प्रार्थी की शिकायत पर पिथौरा तहसील दफ्तर में एसीबी की टीम ने दबिश दी और रिश्वत मांग करने वाले बाबू को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजू चौहान द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो, रायपुर में शिकायत की गई कि वह ग्राम आरबीचीफमेन में कोटवार के पद पर पदस्थ है। कुछ दिन पहले उसे निलंबित किया गया था जिसकी बहाली के लिए आवेदन प्रस्तुत करने पर कानूनगो शाखा के माईकल पीटर, सहायक ग्रेड-2 द्वारा 50, 000 रुपए रिश्वत एवं एक बकरे की ▶▶|शेष पेज 4 पर

**बाइक की टक्कर से एक की मौत**

महासमुंद। बाइक की टक्कर से युवक की मौत के मामले में सरायपाली पुलिस ने रिपोर्ट के बाद विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बागद्वारी के निवासी व प्रार्थी अजय ने रिपोर्ट लिखाई है कि 15 दिसंबर की रात करीब 7.30 बजे परिवार में फोन आया कि तिलक का गिरसा के पास एनएच 53 में एक्सीडेंट हो गया है। सूचना के बाद प्रार्थी व परिवार के लोग शासकीय अस्पताल ▶▶|शेष पेज 4 पर

## शिक्षक पर छेड़छाड़ और बेड टच की शिकायत से हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

**सनावल स्कूल का मामला**

स्कूल में बच्चियों से छेड़छाड़ व अभद्र व्यवहार का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब बलरामपुर के सनावल मिडिल स्कूल से छात्राओं से छेड़छाड़ व बेड टच की शिकायत आई है। स्कूल की छह छात्राओं ने घटना की शिकायत परिजन से जिसके बाद परिजन बच्चियों के साथ स्कूल पहुंच गए। इस घटना की ▶▶|शेष पेज 4 पर

**की जाएगी कार्रवाई**

सोमवार की शाम ही मामले की जानकारी मिली है। स्कूल पहुंचकर छात्राओं से बयान लिया गया है। दोषी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- सदानंद कुशवाहा, बीईओ

**अधिकारियों ने शुरू की जांच**

छात्राओं से छेड़छाड़ की जानकारी मिलने के बाद परिजन मंगलवार को स्कूल पहुंचे और घटना को लेकर आक्रोश जताया। इस दौरान उन्होंने दोषी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। शिक्षक के छेड़छाड़ की जानकारी उच्च अधिकारियों को मिली तो हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद बीईओ सदानंद कुशवाहा भी सनावल स्कूल पहुंचे जहां ▶▶|शेष पेज 4 पर

**शोक में भी डटा रहा कलाकार, पूरा किया अभिनय**

# पिता की मौत के बाद भी बेटे ने रंगमंच पर निभाई अदाकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

**हरिभूमि खास**

पिता के मौत की खबर से गला रुंध रहा था, आंखें भीतर ही भीतर डब दबा रही थी, लेकिन उस कलाकार ने अपनी भावनाओं को अपनी अदाकारी के बीच नहीं आने दिया और जिंदगी के अभिनय को रंगमंच पर प्रकट नहीं होने दिया। उस कलाकार ने दिल के कोने में सिसकियों को दबाकर रूंधे गले से भी सुर में गाया। चेहरे पर दुखों के भाव को मुस्कान में बदल कर रंगमंच के अभिनय और जीवन की अदाकारी को बखूबी निभा लिया।

हम बात कर रहे हैं, बस्तर ओलंपिक में अपनी प्रस्तुति देने वाले ऐसे कलाकार की, जिन्होंने अपनी कला ▶▶|शेष पेज 4 पर



**जीवन का अभिनय भी एक कला**

अपने पिता के शोक भाव को मन के एक कोने में दबाकर उन्होंने गाना गाया, नृत्य किया और इंग्लिश की कहावत "दा शो मस्ट गो ऑन" को सही साबित कर दिया। नागेश के इस संकल्प और समर्पण ने दर्शकों के साथ ही मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को भी प्रभावित किया। नागेश का मानना है कि उनके पिता भी शायद यही चाहते होंगे कि वह अपना प्रदर्शन पूरा करें और यह साबित कर दिया कि धरती पर जीवन भी एक कभी नहीं ही है, जिसके हम सब कलाकार हैं।

**साथी कलाकारों ने भी खुद को संभाला**

नागेश के इस भावनात्मक क्षण ने बस्तर ओलंपिक को और भी भावनात्मक बना दिया। पिछले 10 वर्षों से अभिनय क्षेत्र में काम कर रहे नागेश की इस दृढ़ निश्चयता ने सभी कलाकार साथियों में एक नई ऊर्जा भर दी। यह घटना हमें बताती है कि एक कलाकार का जीवन भावनात्मक रूप से कितना चुनौती पूर्ण होता है और किसी भी कठिन परिस्थिति में भी किस तरीके से अपने प्रदर्शन को पूरा करने के लिए वह स्वसंकल्पित रहता हैं।


प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित
BAJAJ Allianz




बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024

अधिसूचित जिले: बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़–बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर–चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला–मानपुर–अम्बागढ़ चौकी

रबी 2024-25 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें: चना, अलसी, गेंहू सिंचित, गेंहू असिंचित, राई–सरसों

योजना के मुख्य बिंदु :
- कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत
- शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
- ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
- फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
- कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
- फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त उपज आंकड़े, निर्धारित थ्रेसहोल्ड उपज से कम आने पर दावा भुगतान
- अनावरी के आंकड़े इस योजना अंतर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे

योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :
- ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
- गैर–ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/अखइ्र–एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
- गैर–ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज– नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।

ऋणी कृषक: योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन (Opt-out) आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
अऋणी कृषक: अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।

योजना संबंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज कराने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करें। अब आप हमारे किसान सुविधा–बजाज आलियांज़ के व्हाट्सएप Chatbot नंबर 7030053232 पर भी अपनी फसल के नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर दे सकते है।

PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।

योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play
FARMITRA CARINGLY YOURS

## चिंतन

# एक देश, एक चुनाव की तरफ बढ़ रहा भारत

लंबे इंतजार और गहन मंथन के बाद आखिरकार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लोकसभा में एक देश, एक चुनाव के लिए 129वां संविधान (संशोधन) बिल पेश कर दिया। हालांकि विपक्ष ने बिल के विरोध में जमकर हंगामा कूटा, लेकिन जिस तरह से सरकार ने तेवर दिखाए, उससे साफ है कि भारत एक देश, एक चुनाव की राह पर चलने को तैयार है। वैसे भी मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है बल्कि कई मायनों में बहुत अच्छा है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की। हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करवा लिए जाएं ताकि बाकी समय पर सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। इससे न केवन विकास की रफ्तार तेज होगी बल्कि उसमें बेवजह होने वाली रुकावटें भी कम हो जाएंगी। वैसे भी 1967 तक भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव की नीति लागू थी । 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव हुए। हालांकि 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग के कारण एक साथ चुनाव का चक्र बाधित हो गया था। इसके अलावा, 1970 में लोकसभा से पहली बार भंग कर दिया गया और 1971 में नये निर्वाचित राजनेता बने। इन सभी घटनाओं के कारण भारत में एक साथ चुनाव का चक्र टूट गया। इसका असर यह हुआ कि सालभर देश के किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। जिसके कारण आदर्श अचार संहिता लागू हो जाती है और न केवल उस राज्य में बल्कि आसपास के राज्यों में विकास प्रभावित होता है। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार ने 2 सितंबर, 2023 को एक राष्ट्र एक चुनाव पर विचार करने के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ की नियुक्ति में एक समिति का गठन किया था। समिति ने भारत के संविधान में 15 संशोधनों की सिफारिश की है। अब इसी पर आगे बड़ते हुए सरकार ने लोकसभा में बिल पेश कर दिया है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। अगर एक साथ चुनाव शुरू करवाने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव करवाने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल यह बिल अभी संसद में पेश किया गया है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। एक देश, एक चुनाव पर बनी रामनाथ कोविंद समिति को 47 राजनीतिक दलों ने अपनी राय दी थी। इनमें 32 दलों ने समर्थन किया था और 15 दलों ने इसका विरोध किया था। विरोध करने वाले दलों के पास 205 लोकसभा सांसद हैं। सरकार को भी चाहिए कि सभी दलों को इस पर सहमत करे ताकि इस मुद्दे पर देश एकजुट दिखे और विकास की रफ्तार और तेज हो सके।

## विशेष

सीएल लोन्हारे

# छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी संत बाबा गुरु घासीदास

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास आधुनिक भारत के नैतिक, सामाजिक, धार्मिक तथा आध्यात्मिक जागरण के एक महान शिल्पी थे। आज भी उनके द्वारा प्रवर्तित सतनाम के सिद्धांत छत्तीसगढ़ के लाखों सतनाम धर्म के अनुयायियों के लिए मार्गदर्शक हैं। उनका जन्म 18 दिसंबर 1756 को छत्तीसगढ़ के रायपुर वर्तमान बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के गिरौद नामक ग्राम में हुआ था। इनके माता-पिता का नाम महंगूदास और माता अमरौतीन था। बाबा गुरु घासीदास ने गिरौदपुरी के छाता पाहाड़ में तपस्या की थी, यही से उन्हें सत्य ज्ञान की प्राप्ति हुई। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज को नई दिशा प्रदान करने में अतुलनीय योगदान दिया था। सत्य से साक्षात्कार करना ही उनके जीवन का परम लक्ष्य था। उन्हें सतनाम धर्म का संस्थापक माना जाता है। उनके संदेशों के कारण ही आज छत्तीसगढ़ के लोगों में स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा एवं सहिष्णुता की भावना से ओत-प्रोत वातावरण दिखाई देता है।



सतनाम के सिद्धांत किसी जाति या समुदाय विशेष के लिए नहीं है वह तो मानव मात्र के कल्याण के लिए निमित्त और सार्वभौमिक है।

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी ने लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, समाज में नई जागृति पैदा की और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा के कार्य में किया। उनके सात वचन सतनाम धर्म के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिसमें सतनाम पर विश्वास करना, मूर्ति पूजा का निषेध, वर्ण भेद से परे, हिंसा का विरोध, व्यसन से मुक्ति, पर स्त्रीगमन की वर्जना और दोपहर में खेत न जोतना हैं। उन्होंने सतनाम अर्थात सत्य से लोगों को साक्षात्कार कराया और सत्य के प्रतीक के रूप में जैतखाम को मान्यता दी।

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के द्वारा दिए गए उपदेशों ने समाज के असहाय लोगों में आत्मविश्वास और अन्याय से जूझने की शक्ति का संचार हुआ। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं को नकारा। जाति व्यवस्था का विरोध किया। उनका मानना था कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक रूप से समान हैसियत रखता है इसीलिए उन्होंने ''मनखे-मनखे एक बरोबर' (अर्थात मानव मानव एक समान) का संदेश दिया।

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के संदेशों और उनकी जीवनी का प्रसार पंथी गीतों व लोक नृत्यों के जरिए भी व्यापक रूप से हुआ। सतनाम धर्मानुयायी लोक कलाकार स्व. देवदास बंजारे ने इस प्रख्यात विधा को पंथी नृत्य और गायन के माध्यम से लगभग चौसठ देशों में अपनी प्रस्तुति देकर सतनाम धर्म का प्रचार-प्रचार किया। इसी लोक विधा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें 'गुरु घासीदास सम्मान' से सम्मानित भी किया है। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती को उत्सव के रूप में समूचे राज्य में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस उपलक्ष्य में गांव-गांव में मड़ई-मेले का आयोजन होता है। छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में बाबा गुरु घासीदास सम्मान स्थापित किया है। संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति को अमिट और अक्षुण्ण रखने के लिए रायपुर, छत्तीसगढ़ से करीब 145 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गिरौदपुरी में बाबा जी की जन्म स्थली, तपोस्थली एवं कर्मभूमि गिरौदपुरी, जहां विशाल स्तंभ जैतखाम का निर्माण किया गया है। जैतखाम की ऊंचाई 77 मीटर है, जबकि कुतुब मीनार 72.5 मीटर ऊंची है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल ग्रामों के विकास हेतु अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन मुख्यमंत्री जी के अध्यक्षता में पुनर्गठन किया गया है। जिसके लिए 50 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। जो गत वर्ष की तुलना में 40.2 प्रतिशत अधिक है। अनुसूचित जाति वर्ग के प्री. मैट्रिक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास एवं आश्रम की संख्या 486 है, जिसमें 23228 विद्यार्थी अध्ययनरत है। इसी अन्य पिछड़ा वर्ग के प्री. मैट्रिक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की संख्या 55 है, जिसमें 1939 विद्यार्थी अध्ययनरत है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के युवाओं को यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए नई दिल्ली में यूथ हॉस्टल का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिसकी सीटें 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है।

# मानवता के अग्रदूत बाबा गुरु घासीदास



जयंती विशेष

डॉ. संजय शुक्ला

बाबा गुरु घासीदास ने समाज सुधार एवं जनकल्याण का बीड़ा उठाते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में उपदेश के लिए यात्रा की। यात्रा को रावटी की संज्ञा दी गई है, इस रावटी में प्रमुख रूप से बस्तर जिले के चिरईपदर, कांकेर, राजनांदगांव, दुर्ग जिले के पानाबरस मोहला, डोंगरगढ, राजनांदगांव के गंडई, कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के दलहा पोंड़ी आदि शामिल है। इस उपदेश यात्रा (रावटी) में उनके अनुयायी भी शामिल होते थे, वे रावटी में जनसामान्य को सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में ही उपदेश दिया करते थे।

प्रचुर खनिज संपदा और वनों से आच्छादित छत्तीसगढ़ की एक पहचान बाबा गुरु घासीदास से भी है। 18 दिसंबर सन 1756 में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के गिरौदपुरी गांव में जन्में बाबा घासीदास जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था, उनके पिता का नाम महंगूदास सतनामी एवं माता का नाम अमरौतिन था। निरक्षर होते हुए भी उनमें अलौकिक सत्वज्ञान था। छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को उन्होंने रचनात्मक दिशा प्रदान की। 'मनखे-मनखे एक समान' का सिद्धांत वाक्य प्रतिपादित करने वाले बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों एवं वचनों के चिंतन से उनके प्रगतिशीलता एवं अनुभवजन्य विचारधारा की अनुभूति होती है। उनके जीवन वृतांतों एवं विचारों के परिशीलन करने पर यह सिद्ध है कि बाबा गुरु घासीदास को एक संप्रदाय अथवा पंथ में सीमित नहीं किया जा सकता बल्कि वे सर्वसमाज के मार्गदर्शक एवं आस्था के व्यक्तित्व है। छत्तीसगढ़वासियों एवं सतनाम के अनुयायियों के लिए गुरु घासीदास बाबा एवं उनकी जन्मस्थली गिरौदपुरी धार्मिक श्रद्धा के केंद्र है।

जनश्रुतियों के अनुसार बाबा गुरु घासीदास में अलौकिक शक्ति बाल्यकाल से ही रही है। साधु प्रवृत्ति का यह बालक कालांतर में सतनाम का उन्नायक बना, उन्हें वन्य जीवन से गहरा अनुराग था। उनका विवाह अंचल के प्रसिद्ध बौद्ध पुरातत्विक नगरी सिरपुर के अंजोरीदास एवं सत्यवती नामक दंपति की सुपुत्री सफुरा से हुआ था। उन्होंने 40 वर्ष की आयु में गृहस्थ जीवन त्याग दिया। गृहस्थ जीवन के त्याग के बाद सतनाम के मूल आधार 'सत्य' से प्रत्यक्ष साक्षात्कार के लिए वे छातागढ़ पहाड़ पर औंरा-धौरा वृक्ष के नीचे समाधि में ध्यानस्थ हुए। रज एवं तमोगुण से मुक्त सत्ववान घासीदास को सत्य का बोध होने के बाद उन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के लिए अर्पित कर दिया। कठिन तपस्या के पश्चात बाबा गुरु घासीदास में चमत्कारिक शक्ति का अभ्युदय हुआ, इस शक्ति के द्वारा उन्होंने अंचल के जनमानस के रोग एवं शोक का निदान किया।

उन्होंने समाज सुधार एवं जनकल्याण का बीड़ा उठाते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में उपदेश के लिए यात्रा की। यात्रा को रावटी की संज्ञा दी गई है, इस रावटी में प्रमुख रूप से बस्तर जिले के चिरईपदर, कांकेर, राजनांदगांव, दुर्ग जिले के पानाबरस मोहला, डोंगरगढ, राजनांदगांव के गंडई, कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के दलहा पोंड़ी आदि शामिल है। इस उपदेश यात्रा (रावटी) में उनके अनुयायी भी शामिल होते थे, वे रावटी में जनसामान्य को सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में ही उपदेश दिया करते थे।

बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों का प्रभाव इतना असरकारी था कि अन्य संप्रदाय एवं समाज के लोग भी उनसे गुरुदीक्षा लेकर उनके शिष्य बनने लगे। कालांतर में सतनाम के प्रर्वतक बाबा गुरु घासीदास जी ने भंडारपुरी को अपना कर्मस्थली निश्चित किया, वहां गुरुद्वारा का निर्माण कर जैतखंभ स्थापित किया गया। इस प्रकार भंडारपुरी भी आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। इतिहासकारों के अनुसार बाबा गुरु घासीदास का निर्वाण 20 फरवरी 1850 माना गया है। 17 वीं शताब्दी में मानवता का संदेश प्रचारित कर सर्वसमाज में सामाजिक क्रांति का प्रादुर्भाव करने वाले महान संत बाबा गुरु घासीदास के विचार एवं उपदेश 21 वीं सदी में ज्यादा प्रासंगिक है, उनके विचारों में जहां पाखंड एवं व्यसनों का निषेध किया गया है वहीं नारी स्वतंत्रता, स्वालंबन तथा समान दर्जा का भाव भी मौजूद है। उनके प्रमुख उपदेशों 'सतनाम को मानो, मूर्तिपूजा मत करो, जीव हत्या मत करो, परस्त्री को माता मानो, शराब मत पियो, दोपहर में खेत मत जोतो।' के मीमांशा से यह स्पष्ट है कि बाबा गुरु घासीदास के इन सात उपदेशों में भारतीय दर्शन एवं धर्म का सारांश नीहित है। हिंदू एवं जैन धर्माचार्यों ने जहां जीव हत्या, मांसाहार एवं शराब सेवन को वर्जित किया है, वहीं सत्यनाम, मूर्तिपूजा विरोध, जात-पात निषेध, कबीरपंथ के प्रमुख सिद्धांत हैं। इन उपदेशों में 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' का मूलमंत्र भी प्रतिध्वनित होती है। बाबा गुरु घासीदास के संदेशों में जहां एक ओर सामाजिक कुरीतियों, आडंबरों का प्रतिकार है, वहीं निज अनुशासन, आचरण का भाव भी समाहित है। उनके रावटी में सदियों के अन्याय, अत्याचार एवं अनाचार से मुक्ति का प्रसंग भी शामिल है। अक्षर ज्ञान न होते हुए भी बाबा गुरु घासीदास के




संदेशों में व्यवहारिक ज्ञान का विद्वतापूर्ण भाव नीहित है, यह भाव ही गुरु घासीदास को सद्गुरू की उपमा से अलंकृत करती है।

बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों में मानव समाज के सभी आयामों तथा विषयों में अनुशासन तथा शुचिता के भाव विद्यमान है। उनके विचारों में शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक अनुशासन के उपाय निहित है, इसीलिए संत गुरु घासीदास के मानवतावादी संदेश को सतनामी समाज ही नहीं वरन छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज ने आत्मसात किया है। बहरहाल आधुनिक परिवेश में जब देश व समाज में नैतिक व मानवीय मूल्यों का लगातार क्षरण हो रहा हो तब बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांत एवं उपदेश सभी धर्म एवं जाति के लोगों के लिए ज्यादा प्रासंगिक हैं। जयंती अवसर पर गुरु घासीदास बाबा को शत-शत नमन।

*(लेखक, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)*

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

## दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित

## प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती महंगाई पर लगाम जरूरी

त्योहारों के बीच आम आदमी को महंगाई का सबसे बड़ा झटका लगा है। महंगाई में इजाफे का अनुमान तो पहले से ही लगाया जा रहा था। इसमें रोजमर्रा की कई वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। सब्जियों की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। त्योहारों में बढ़ती महंगाई के कारण लोगों को खर्च करने से पहले सौ बार सोचना पड़ेगा। महंगाई का असर ऐसा होता है कि जेब में पैसों का बोझ बढ़ता जाता है और थैले में सामान कम होता जाता है। सरकार के पास कीमतें बढ़ाने के तर्क तो मौजूद हैं, मगर उन्हें रोकने का एक भी उपाय नहीं है। खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों की वृद्धि ने गरीबों का तो जीना मुहाल कर दिया है। सरकार को बढ़ती महंगाई पर जल्द ही लगाम लगानी चाहिए। *- रतन फतनानी, भाटापारा*

## ट्रेंड


### नीयत से नीति साफ़



तपस्या से शरीर में गर्मी नहीं आती है, चित शांत होता है। इससे लक्ष्य साफ़ होता है, लक्ष्य तभी साफ़ होता है जब नीयत साफ़ होती है। नीयत साफ़ होती है तो नीति साफ़ होती है, तो देश आगे बढ़ता है।

-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### पुलिस हत्यारे की ढाल



पीड़ित परिवार न्याय के लिए सड़कों पर है। क्या पुलिस हत्यारे की ढाल बनी हुई है? त्रिलोकपुरी में हत्या पीड़ित परिवार न्याय की भीख माँग रहा है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली

### दलितों को न्याय नहीं



हाथरस रेप पीड़िता के परिवार के हताशा से भरे एक-एक शब्द को ध्यान से सुनिए और महसूस कीजिए। ये आज भी दहशत में हैं। इनकी स्थिति इस बात की पुष्टि करती है कि दलितों को न्याय मिलना बेहद मुश्किल हो गया है। हम इस परिवार के साथ हैं और हर ज़रूरी सहायता देंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### स्वर्ण मंदिर में सभी एकसमान



अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में जाति, वर्ग, धर्म, लिंग कुछ भी मायने नहीं रखता। हर कोई बराबर है और हर कोई दूसरों की सेवा करने के लिए उत्सुक है। हृदय और आत्मा की ऐसी पवित्रता के बीच रहना एक आशीर्वाद है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

## अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# पूजा स्थलों में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव


ऑस्ट्रेलिया के एक राज्य की सरकार ने बढ़ते यहूदी विरोधवाद से निपटने के लिए प्रदर्शनकारियों पर नए प्रतिबंध लगाए जाने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा, जिनमें पूजा स्थलों के बाहर प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध लगाया जाना भी शामिल है। मेलबर्न में इस महीने आगजनी करने वालों ने एक यहूदी उपासनागृह को नुकसान पहुंचाया था और प्रदर्शनकारियों ने एक सप्ताह पहले सिडनी के उपासना गृह में श्रद्धालुओं को तीन घंटे तक बंद रखा था। इन घटनाओं के बाद विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिंटा एलन ने नए कानून प्रस्तावित किए हैं। एलन ने कहा, 'यह शांतिपूर्ण विरोध नहीं है। यह खतरनाक व्यवहार है।' उन्होंने कहा, 'यहूदी विरोधवाद एक कैंसर है और हमें यहूदी विरोधी भावना की इस बुराई, नस्लवाद की बुराई के सभी रूपों से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा कि नए कानून 'भय एवं उत्पीड़न से मुक्त होकर एकत्र होने और प्रार्थना करने'' के लोगों के अधिकार की रक्षा करेंगे। यह कानून ऑस्ट्रेलिया द्वारा आतंकवादी संगठनों के रूप में सूचीबद्ध समूहों के झंडे फहराने और प्रतीकों को प्रदर्शित करने पर भी प्रतिबंध लगाएंगे।



## ऑफ बीट

# हर कोई अपना काम मशीनों को नहीं सौंपना चाहता


स्वचालित उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं को अपने हाथ से कुछ मेहनत करने की आवश्यकता होती है - एक पारंपरिक वैक्यूम क्लीनर के बारे में सोचें जिसे अभी भी अपने हाथ से संचालित करने की आवश्यकता होती है। हालाँकि, स्वायत्त उत्पादों पर मनुष्यों को कोई मेहनत करने की आवश्यकता नहीं होती है। स्वायत्त उत्पादों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे मैन्युअल कार्यों के उदाहरणों में फर्श की सफाई (रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर), लॉन की घास काटना (रोबोटिक लॉन घास काटने की मशीन), और ड्राइविंग (स्व-ड्राइविंग कार) शामिल हैं। स्वायत्त उत्पाद उपभोक्ताओं को समय और श्रम की आवश्यकता वाले तमाम कार्यों से पूरी तरह से मुक्त करते हैं। हमारे अध्ययनों में, हम तर्क देते हैं कि शारीरिक श्रम जीवन में अर्थ का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। यह उस शोध के अनुरूप है जो दर्शाता है कि रोजमर्रा के कार्यों का मूल्य है - सफाई जैसे काम हमें खुश नहीं कर सकते हैं, लेकिन वे हमारे जीवन में अर्थ जोड़ते हैं क्योंकि किए गए प्रयास भविष्य में फायदेमंद होते हैं। हमारे अध्ययन से पता चलता है कि जो उपभोक्ता जिसे हम शारीरिक श्रम का अर्थ (एमएमएल) कहते हैं, उसे महत्व देते हैं।







# 'पुष्पा -2' पहुंची 1500 करोड़ के पास



**नई दिल्ली।** अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल 1500 करोड़ के करीब पहुंच गई है। मेकर्स ने 11 दिनों का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन साझा किया है जो कि 1409 है। पुष्पा 2 अब सबसे ज्यादा कमाई करने वाली इंडियन फिल्मों में तीसरे नंबर पर। वर्ल्ड वाइड कमाई के मामले में पुष्पा 2 **RRR**, केजीएफ चैप्टर 2, जवान और पठान सबको पीछे छोड़ चुकी है। दंगल फिल्म अभी भी वर्ल्ड वाइड कलेक्शन के मामले में इंडियन फिल्मों की लिस्ट में टॉप पर है। इसने 2024 करोड़ रुपये की कमाई की है। प्रभास की फिल्म बाहुबली 2 इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। इसने वर्ल्ड वाइड 1742.3 करोड़ रुपए कमाए हैं। पुष्पा 2, 11 दिनों में 1405 करोड़ रुपए कमा चुकी है और अभी थिएटर्स में है। ट्रेड एनालिस्ट मान रहे हैं कि यह बाहुबली को क्रॉस कर लेगी, लेकिन बेबी जॉन की रिलीज के बाद इसका कलेक्शन गिरेगा तो दंगल को पछाड़ना मुश्किल है। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्ड वाइड 1250 करोड़ रुपए कमाए हैं। लिस्ट में पुष्पा 2 आगे निकल गई है। यश स्टारर केजीएफ चैप्टर 2 ने वर्ल्ड वाइड ग्रॉस 1176 करोड़ रुपए कमाए हैं। टॉपर लिस्ट में केजीएफ 2 पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। शाहरुख खान की जवान केजीएफ से कुछ ही पीछे है। फिल्म की कमाई वर्ल्ड वाइड 1157.5 करोड़ है। जवान के बाद शाहरुख खान की ही फिल्म पठान का नंबर है।

## इस साल दिव्या भी बंधी शादी के बंधन में



**नई दिल्ली।** शादियों का सीजन हमेशा रहता है। इस साल बॉलीवुड और टीवी में कई सेलेब्स ने शादी की है। उन्होंने इतनी धूमधाम से शादी की थी कि सबकी फोटोज सोशल मीडिया पर अभी भी वायरल हो रही हैं। कई सालों तक अपने बॉयफ्रेंड को डेट करने के बाद इन एक्ट्रेसेस ने शादी करने का फैसला लिया है। आज आपको उन टीवी एक्ट्रेसेस के बारे में बताते हैं जिन्होंने साल 2024 में शादी की है। टीवी एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने 20 फरवरी को बिजनेसमैन अपूर्व पडगांवकर से शादी की है। उनकी शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों से घर पर ही हुई थी।

# 16 साल से कम उम्र के हैं तो नहीं देख सकेंगे 'बेबी जॉन'

**नई दिल्ली।** बदलापुर मूवी के बाद एक बार फिर वरूण धवन एक्शन की दुनिया में जबरदस्त वापसी कर रहे हैं। वो बहुत जल्द मूवी बेबी जॉन में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ साउथ इंडियन फिल्मों की हिट एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश नजर आएंगी। साथ ही वामिक गब्बी भी फिल्म का हिस्सा होंगी। फिल्म के लिए सारे सितारे तगड़ा प्रमोशन कर रहे हैं। साथ ही ये भी पता चला है कि फिल्म को सोलह साल से कम उम्र के लोगों को देखना अलाउड नहीं होगा। फिल्म को सेंसर



बोर्ड ने **U/A** सर्टिफिकेट दिया है। जो 16 प्लस के लिए है। इस सर्टिफिकेट के अनुसार ये फिल्म सोलह साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए है। फिल्म को ऐसा सर्टिफिकेट मिलने की वजह है, इसमें मौजूद वॉयलेंस के सीन। जिसकी वजह से फिल्म को एज रिस्ट्रिक्टेड किया गया है। बदलापुर के बाद ये वरुण धवन की दूसरी फिल्म है जिसे एड रिस्ट्रिक्टेड किया गया है। इससे पहले बदलापुर मूवी को ए सर्टिफिकेट मिला था।









आस्था

घनश्याम सिंह नाग

# ग्रामीण जन चौपाल लगाते थे लिमउ राजा स्थल में



कोंडागांव क्षेत्र के ग्राम बड़े डोंगर के दक्षिण में एक पहाड़ी है, जिसे गादीराव डोंगरी कहते हैं। इस डोंगरी से कुछ दूरी पर एक बड़ा सा चट्टान है। चट्टान के एक छोर पर राजगद्दी के आकार का पत्थर है। जब किसी विषय पर निर्णय लेना होता था, तो आसपास के ग्रामीण इसी चट्टान पर एकत्रित होते थे। गद्दी पर एक नींबू रख दिया जाता था, धूप दीप जला कर नींबू की पूजा की जाती थी। उसके बाद संबंधित विषय पर चर्चा होती थी। चर्चा या फैसला होने के बाद नींबू को चार भागों में काट कर चारों दिशाओं में फेंक दी जाती थी। गादीराव डोंगरी के पत्थर की गद्दी पर नींबू के आकार का गोल पत्थर रखा हुआ है, जिसे लोग लिमउ राजा कहते हैं। आज भी गद्दी पर लोग नींबू को चार भागों में काट कर चारों दिशाओं में विसर्जित करने की परंपरा जीवित है।

कला जगत

डा. सुधीर पाठक

# सरगुजा अंचल में झूमकर गाया जाने वाला झूमर गीत



मूलतः उत्तर भारत में प्रचलित झूमर गीत कालांतर में सरगुजा अंचल में भी प्रवेश कर गया। झूमर यानी झूम कर गाया जाने वाला। इन गीतों में जहां प्रेमी प्रेमिका के संबंधों यानी संयोग और वियोग की बातें होती हैं वहीं पति पत्नी के नोंक झोंक और देवर भाभी की हंसी ठिठोली को भी झूमर गीत में शामिल किया जाता है। मांदर वादक झूमकर वादन करता है उसके चारों ओर युवतियां मोरनी की तरह झुककर घूम घूम कर नाच करती हैं। शादी ब्याह के समय इस गीत का आयोजन ज्यादा किया जाता है। पंडो जनजातियों में इस गीत को झूमरित कहते हैं। इस झूमर गीत में देवी मां और शिव जी की स्तुति की जाती हैं।

## पुस्तक समीक्षा

# बेटी के जनम

(छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह)




कृति के नाव
बेटी के जनम

कृतिकार
जयकांत पटेल

प्रकाशक
प्रकाशक विक्रम प्रिंटर्स बालोद

समीक्षक
टीकेश्वर सिन्हा ' गब्दीवाला '

मूल्य
100 रुपए

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परिवेश की विषय-वस्तुओं पर लिखी पुस्तक 'बेटी के जनम' कवि जयकांत पटेल ने अपने पुत्री-जन्म पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज में नारी की महत्ता को उजागर किया है। चाहे वह, प्रथम कविता सरस्वती वंदना, छत्तीसगढ़ महतारी, गंगा मइया, मोर धरती कोरा, धरती की सिंगार, बेटी के जनम, गऊ माता हों। इसी तरह उन्होंने अपनी कविताओं - का होगे हिंदुस्तान, आगे चुनाव तिहार, देश के हाल, शिक्षा विभाग, देश के सड़क, सरकारी अस्पताल के जरिए सामाजिक व्यवस्था पर कुठाराघात किया है। गुड़री, चिन्हारी, अंगाकर जैसी कविताओं में ग्राम्य संस्कृति झलकती है। कवि जयकांत के इस संग्रह से उनकी काव्य सृजनात्मकता की सम्भावना दिखती हैं।

**छत्तीसगढ़ की धरती पर संत ,महात्मा ,गुरु ,महापुरुष , क्रांतिकारी जन्म लिए हैं जिन्होंने समाज में सामाजिक चेतना, धार्मिक चेतना और उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन यहां की संस्कृति को समृद्ध करने को ही अपना धर्म कर्म समझे और लोकजीवन में सुधार किए। इसी तरह के धार्मिक महत्व के स्थलों में शिवनाथ नदी के तट पर बेमेतरा जिला से 14 किलोमीटर दूर चेटुवापुरी धाम में गुरु अमर दास जी की समाधि है। यह धार्मिक एवं दार्शनिक स्थल के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है यहां शिवनाथ नदी और खारुन नदी का संगम है।**




# धार्मिक और सौंदर्य के स्थलों में चेटुवापुरी धाम



धार्मिकः लक्ष्मी नारायण लहरे साहिल

गुरु अमर दास जी संत बाबा गुरु घासी दास जी के जेष्ठ पुत्र हैं। संत बाबा गुरुघासी दास जी के जीवन का प्रभाव उनके पुत्रों में भी दिखा। गुरु अमरदास ने अपने पिता के पद चिन्हों में चलते हुए अचेतन समाज में चेतना जगाने का काम किया और समाज में उत्थान का कार्य किया। अमर दास जी ने तेलासीपुरी, भंडारपुरी क्षेत्र को चुना और समाज को जागृत करने का काम किए। वे अपना पूरा जीवन सामाजिक उत्थान में समर्पित कर दिए। इतिहासकारों की माने तो गुरु अमर दास जी एक समय ढाई दिन के लिए अध्यात्म की खोज में समाधि पर बैठ गए,उनके अनुयायियों को अपने शरीर की रक्षा के लिए बोल कर समाधि पर बैठ गए। पर यह बात उनके अनुयायियों और समाज को समझ नहीं आया और उनके देह त्याग समझ मर कर उनके शरीर को दफन कर दिए। हर वर्ष उनके समाधि स्थल में माघ पूर्णिमा पर 3 दिन का मेला भरता है। उनकी सामाजिक चेतना से ओत प्रोत 10 गांव के मालगुजार आधार दास सोनवानी ने 1920 में उनकी समाधि पर मंदिर निर्माण कराए है जो 100 वर्ष से अधिक हो गए हैं, जहां सर्व समाज के लोग पहुंचकर दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं और उनके द्वारा किए गए सांस्कृतिक, सामाजिक उत्थान कार्यों को रेखांकित करते हैं।



**सतनामी समाज के धर्म गुरु बाबा घासीदास जी ने घर के सुख दुख में मंगल गीत या चौका आरती का आयोजन कर घर को शुद्ध और परिवार के लिए शुभ फलदायक होना बताया है। गुरुजी की अमर वाणी ही मंगलगीत के रूप में मानी जाती है।**

# घर में सुख शांति के लिए मंगल गीत और भजन

गुरुजी ने अपने शिष्यों को संत, महंत परम्परा को स्थान देने को कहा है। इसके साथ ही संत गुरु घासीदास ने अपने अनुयायियों को घर में सुख और दुख से मुक्ति पाने के लिए चौका आरती और मंगल गायन करने के लिए कहा है। सुख के अवसर जैसे शादी ब्याह और मांगलिक कार्यों के अलावा खुशी के अवसरों पर तथा मृत्यु जैसे दुख के अवसर पर चौका आरती करने के लिए विधि विधान तय किए हैं। इससे घर का वातावरण शुद्ध होता है और मन को आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। चौका के लिए तैयारी पर जैसे चौका करने के स्थान को गोबर से लिप कर साफ करना, चौका पोतने, कलश स्थापना करने, चंदन छिड़कने, गद्दी में बैठने, नारियल परवान देने के लिए गायन किया जाता है। देखें नरियर परवाना नाम -

तुलसी दल दल बचन सुनाए,
बूंद बूंद जल पिलाए,
कासा कसे किरहानी कसे,
कसे ज्ञान के धागा सो पागा,
जल छिचावै हंसा ला कहे,
जम के साथ जगन्नाथ ले नरियर लाना।




परब विशेषः डा. जे. आर. सोनी

लोक साहित्य

डा. रजनी पाठक

# छत्तीसगढ़ी का शिष्ट साहित्य

शिष्ट साहित्य और लोक साहित्य में अंतर है। शिष्ट साहित्य लिखित होता है और लोक साहित्य मौखिक होता है। छत्तीसगढ़ी साहित्य का संबंध लिखित परंपरा से है। शिष्ट साहित्य वर्षो पुराना है। इसका विकास भारतेंदु युग में हुआ है। छत्तीसगढ़ी साहित्य हिन्दी के आधुनिक युग के समानांतर प्रवाहित रहा है, उसे आधुनिक निर्दिष्ट कर लोक साहित्य के इति वृतात्मक या प्राचीन रूप से उसका प्राथक्य सिद्ध किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ी शिष्ट साहित्य जटिल होते हैं, क्योंकि इनके लिखित साहित्य से लोक, कोसों दूर रहते हैं और इनसे लोगों की तारतम्यता नहीं हो पाती। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य सरल और मौखिक होने के कारण अगली पीढ़ी में सरलता से हस्तांतरित हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ी भी एक विभाषा है क्योंकि इनमें भी अनेक बोलियों का संगम है। आजादी के बाद शिष्ट साहित्य में काफी हद तक पाठकों के समक्ष स्थान बनाने में सफल होता जा रहा है। वर्तमान समय में शिष्ट साहित्य की उपयोगिता भी अधिक महसूस की जा रही है।



जन जागरण

भाऊराम घृतलहरे

# समाज को जागृत करने प्रारंभ हुआ सतनाम आंदोलन



छत्तीसगढ़ के महान संत बाबा गुरु घासीदासजी ने दलितों के राजनैतिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए गुरु घासीदास ने एक लंबा संघर्ष (1820-1830) किया था। बाबा गुरु घासीदासजी उन तमाम जातियों के लोगों के दुख से दुखी थे, जो शोषण, अत्याचार, गरीबी, भुखमरी आदि से ग्रसित थे। भूमिदासों में केवल दलित ही नहीं थे, बल्कि छत्तीसगढ़ की समस्त जातियों के लोग शामिल थे, जो दबे ,कुचले, शोषित, पीड़ित और प्रताड़ित थे। इसलिए गुरु घासीदास जी का सतनाम आंदोलन एक वृहद समग्र जनक्रांति थी। सतनाम आंदोलन के दौर में उपासना के इस स्वरूप को चीशोल्म (1858), चार्ल्स ग्रांट (1870) ने कहा कि - पूजा का यहां केवल एक ही रूप प्रचलित है और वह है उदयाचल और अस्ताचल सूर्य की पूजा करते हुए सतनाम, सतनाम, सतनाम का तीन बार उच्चारण। वास्तव में यह सूर्योपासना की विधि है। सूर्य नमस्कार से श्वसन संस्थान पुष्ट तथा निरोग रहता है। यह शारीरिक बल के साथ शरीर में रोग निरोधक शक्ति की वृद्धि करता है। सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं के प्रत्येक मुद्रा को पूर्ण करने पर वे सतनाम का उच्चारण करते थे।



## चौतरफा बिकवाली से निफ्टी 332 अंक लुढ़का

# शेयर बाजार में भूचाल, सेंसेक्स 1000 अंक लुढ़क कर 81,000 के नीचे आया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,064 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,500 अंक से नीचे आ गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच चौरतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट रही।आज के कारोबार के दौरान निवेशकों को 4.92 लाख करोड़ रुपए का चपत लगी।

■ निवेशकों के 4.92 लाख करोड़ रुपए डूबे

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच घरेलू बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,064.12 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 81,000 के नीचे 80,684.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,136.37 अंक तक लुढ़क गया था।



### बीएसई के 2442 शेयरों में गिरावट

बीएसई के कुल 2,442 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,576 शेयर लाभ में रहे। वहीं 89 शेयरों के भाव यथावत रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 332.25 अंक की गिरावट के साथ 24,336 अंक पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स के सभी तीस शेयर नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल सभी तीस शेयर नुकसान में रहे। भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई। मझोली कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 0.65 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक 0.52 प्रतिशत फिसला।

### फेड के फैसले पर सभी की निगाह

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प्रमुख ब्याज दर पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड के फैसलों से पहले निराशा का माहौल रहा। बाजार पहले ही फेडरल रिजर्व की नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती मानकर चल रहा है।

### ऊंचे व्यापार घाटे से बाजार दबाव में

हालांकि, वह किसी प्रकार के आक्रामक रुख को लेकर सतर्क भी है। बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड के नीतिगत दर को यथावत रखने की संभावना है। उन्होंने कहा, "इसके साथ डॉलर के मुकाबले रुपये के अबतक के निचले स्तर पर आने और ऊंचे व्यापार घाटे से भी बाजार पर दबाव रहा।"

### बैंक शेयरों में सबसे अधिक गिरावट दर्ज

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध मामलों के उप-प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा, 'बैंकों में नकदी की कमी है और यह करीब छह महीने में सबसे ज्यादा है। इसका कारण कंपनियों का अग्रिम कर भुगतान और रुपये में उतार-चढ़ाव को थामने के लिए संभवतः डॉलर की बिकवाली है। बैंक शेयरों में सर्वाधिक गिरावट आई। बैंक निफ्टी 1.5 प्रतिशत नुकसान में रहा।'

### एशिया व यूरोप के बाजार में रही गिरावट

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के अधिकांश बाजारों में गिरावट रही। अमेरिकी बाजार भी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।*

# एलन मस्क दो दिन में रच सकते हैं इतिहास दौलत होगी 500 अरब डॉलर के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



साल 2024 जाते-जाते एलन मस्क की दौलत रिकॉर्ड 500 अरब डॉलर के पार पहुंचा जाएगी। अभी उनके पास 474 अरब डॉलर की संपत्ति है। ऐसा अनुमान है कि अगर मस्क की दौलत इसी तरह बढ़ती रही तो यह आंकड़ा 6 अरब डॉलर का भी हो सकता है। सोमवार को मस्क के नेटवर्थ में 19.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। अगर अगले दो दिन ऐसी ही बढ़ोतरी होती रही तो मस्क का नेटवर्थ 500 अरब डॉलर के पार हो जाएगा। दुनिया के सबसे रईस एलन मस्क ने इस साल अब 245 अरब डॉलर अपनी संपत्ति में जोड़ चुके हैं। वह कमाई में भी नंबर वन हैं। इनके बाद मार्क जुकरबर्ग हैं, जिनकी दौलत इस साल अबतक 92.6 अरब डॉलर बढ़ी है। दुनिया के तीसरे नंबर के इस अमीर के पास 221 अरब की दौलत है। यह मस्क की इस साल की कमाई से भी कम है। दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स जेफ बेजोस का नेटवर्थ 251 अरब डॉलर है। इस साल इनकी संपत्ति में 74.5 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

■ अभी मस्क के पास 474 अरब डॉलर की संपत्ति, जल्द यह आंकड़ा 6 अरब डॉलर का हो सकता है

## कल्पतरु ने क्यूआईपी से जुटाए 1000 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनललिमिटेड (केपीआईएल) ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये



1,201 रुपये प्रति शेयर की दर से 83.26 लाख शेयर जारी कर करीब 1,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। केपीआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, इस निर्गम में शेयरों के आवंटन के बाद कंपनी की चुकता शेयर पूंजी 32,48,92,304 रुपये से बढ़कर 34,15,45,092 रुपये हो गई।

फ्लैट बेचना है किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

# सेबी ने निवेश के नए उत्पाद किए पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों में संशोधन कर निवेश के नये उत्पाद पेश किए हैं। इसके तहत उच्च जोखिम लेने में सक्षम निवेशकों के लिए विशेषीकृत निवेश कोष के साथ सूचकांक और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत उदारीकृत 'म्यूचुअल फंड लाइट' रूपरेखा पेश की गयी है।

■ म्यूचुअल फंड नियमों में किया संशोधन

विशेषीकृत निवेश कोष (एसआईएफ) म्यूचुअल फंड को आधुनिक निवेश रणनीतियों को शुरू करने की अनुमति देते हैं। यह सतत रूप से खुली योजनाओं (ओपन इंडेड स्कीम), निश्चित अवधि की योजना (क्लोज इंडेड स्कीम) आदि के लिए होंगी। इससे देश में निवेश परिदृश्य व्यापक होने और उसमें विविधता आने की उम्मीद है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि संबंधित संपत्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) में नए उत्पाद की सभी निवेश रणनीतियों में प्रति निवेशक न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश किया जा सकता है। इसमें मान्यता प्राप्त निवेशक शामिल नहीं हैं। सेबी ने इन कोषों के लिए अलग ब्रांडिंग, पारदर्शिता और निवेशक सुरक्षा पर जोर दिया है। नए उत्पाद का उद्देश्य म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं के बीच अंतर को पाटना है। इसके अलावा, इसका उद्देश्य गैर-पंजीकृत और अनधिकृत निवेश योजनाओं के प्रसार को कम करना है। ऐसी योजनाएं प्रायः अव्यावहारिक उच्च रिटर्न का वादा करती हैं।

### एमएफ से अलग पहचान हो

ये बेहतर रिटर्न के लिए निवेशकों की उम्मीदों का फायदा उठाते हैं, जिससे संभावित वित्तीय जोखिम पैदा होते हैं। सेबी ने कहा, परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां यह सुनिश्चित करेंगी कि 'स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड' यानी विशेषीकृत निवेश कोष की म्यूचुअल फंड से अलग पहचान हो। सूचकांक व ट्रेडेड फंड से संबंधित योजनाएं नई योजना और म्यूचुअल फंड की पेशकश के बीच स्पष्ट अंतर बनाया रखा जाए। इसके अतिरिक्त, नियामक ने म्यूचुअल फंड की सूचकांक और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड से संबंधित योजनाओं (पैसिवली मैनेज्ड फंड) के अंतर्गत उदारीकृत म्यूचुअल फंड लाइट (एमएफ लाइट) रूपरेखा पेश की है।

# अब एआई बनाएगा बेरोजगार क्लेरना ने बंद की हायरिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



क्लेरना नाम की एक कंपनी है जो 'अभी खरीदो, बाद में भुगतान करो' वाली सेवाएं देती है। इसके सीईओ सेबस्टियन सिएमियात्कोव्स्की ने कहा है कि अब एआई इतना होशियार हो गया है कि वो लगभग हर काम कर सकता है, जो पहले इंसान करते थे। यह एक बहुत बड़ा दावा है और लोगों को सोचने पर मजबूर कर रहा है कि आगे चलकर क्या होगा। उन्होंने कहा कि एआई अब कंपनी के कई काम खुद कर सकता है। सिएमियात्कोव्स्की ने बताया कि क्लेरना ने लगभग एक साल पहले नए कर्मचारियों की भर्ती बंद कर दी थी, जिससे धीरे-धीरे कर्मचारियों की संख्या घट गई। पहले इस कंपनी में 4,500 कर्मचारी थे, अब 3,500 रह गए हैं। सीईओ के अनुसार, यह कमी खुद-ब-खुद हुई है, क्योंकि टेक्नोलॉजी कंपनियों में हर साल लगभग 20 फीसदी कर्मचारी बदल जाते हैं। क्लेरना ने नए कर्मचारियों को न हायर करके, बल्कि एआई और ऑटोमेशन पर ज़्यादा ध्यान दिया।

कंपनी के सीईओ ने कहा, 'हर टेक्नोलॉजी कंपनी की तरह, हमारे कर्मचारी भी लगभग पांच साल तक काम करते हैं, फिर छोड़ देते हैं। हर साल लगभग 20 फीसदी कर्मचारी बदल जाते हैं। हम नए कर्मचारी नहीं ले रहे हैं, इसलिए कंपनी में लोगों की संख्या कम हो रही है।'

### एआई बना खतरा

ऐसे समय में जब दुनिया भर में इस बात पर चर्चा हो रही है कि एआई से नौकरियों पर क्या असर पड़ेगा, क्लेरना की ये खबर आई है। मैककिंग्से एंड कंपनी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एआई के तेजी से विकसित होने की वजह से लाखों लोगों को 2030 तक नई नौकरियों की तलाश करनी पड़ सकती है। क्लेरना का नए कर्मचारियों को न हायर करने का फैसला इस बात का एक उदाहरण है कि एआई कैसे काम के तरीके को बदल रहा है।

### कुछ पोस्ट पर चल रही हायरिंग

हालांकि क्लेरना की वेबसाइट पर अभी भी कुछ नौकरियों के लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं, कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि वे कंपनी का विस्तार नहीं कर रहे हैं, बल्कि सिर्फ जरूरी पदों के लिए ही लोगों को हायर कर रहे हैं, खासकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में। इससे पता चलता है कि टेक्नोलॉजी कंपनियां धीरे-धीरे अपने काम करने के तरीके को बदल रही हैं और एआई का ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल कर रही हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152


हमारा अशियाना

रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस
रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडको की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 07714092158.** (RO-390)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- इटली रवा के विक्रय हेतु अनुभवी सेल्स गर्ल एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। जो रायपुर शहर में जाकर माल विक्रय कर सके। **संपर्क करे- मो. न. 9300905560.** (RO-509)

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-3157)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- देवपुरी रायपुर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 26 वर्ष के अविवाहित युवको की आवश्यकता है सैलरी 10,000/- समय 10.30 से 8.30 **संपर्क करें मोबाइल:- 9184481078 41, 9302708426.** (RO-3155)

**प्रूफ रिडर**

REQUIRED- Proof Reader: For English medium books. Candidate should be PG in Bio-Science. Experienced will be preferred. Navbodh Prakashan, 7, Samta Colony, Near Bhimsen Bhawan, Raipur (C.G.) Phone: 0771-4200932 E.Mail:- hr@navbodh.com (RO-26)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है **संपर्क करें- 8240426971, 8981475043.** (RO-816)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है **संपर्क करें- 7450945537.** (RO-751)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871.** (RO-3106)

**टॉवर**

टॉवर लगवाए- मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं 8278191967, 9238843306. (RO-70)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन **नंबर:- 7988242279, 7988242279.** (RO-3151)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

अर्जेन्ट आवश्यकता है - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 **पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888.** (RO-6437)

आवश्यकता है- सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019.** (RO-3160)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- HIS service हेतु, रायपुर, धमतरी, जगदलपुर एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ केलिए सिक्योरिटी गार्ड -37 सिक्योरिटी सुपरवाइजर -10, एरिया आफिसर -6 गनमेन - 7, हॉउसकिपिंग बाई वेतनमान - 11000 से 19000 आधार कार्ड, मार्कसीट की छायाप्रति लेकर **सम्पर्क करें- स्थान - कृष्णा प्लाजा, सुन्दरनगर रायपुर Mob - 8085435101, 7509025000.** (RO-6448)

**पीयून**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु पीयून की आवश्यकता है। मेल या फीमेल सदाफल देव आश्रम के सामने महादेव घाट रोड, रायपुर आकर्षक वेतन **मोबाइल नंबर- 7804978068.** (RO-2452)

**वेल्डर**

आवश्यकता है- सपना ट्राली में कार्य करने हेतु वेल्डर की आवश्यकता है। पद-2, **पता-भाठागांव चौक के पास रिंग रोड नं.-1 रायपुर (छ.ग.) संपर्क करें- 94252-08090.** (RO-2455)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

Wanted- Urgent Hiring: Learning Spiral is hiring Graduate freshers for the position of Computer Operator for our AI domain. Salary: Rs 7000 per month. Job Location: Telibandha, Mahaveer Nagar, Raipur. -- Basic computer knowledge is a must. Send your resume to us at hr@learningspiral.co.in or contact us at 7024119534. (RO-112)

**वेटर/कुक**

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी वेटर एवं इंडियन कुक की आवश्यकता है अनुभवी ही संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें। **विनार बार एंड रेस्टोरेंट लिंक 1 के.के. रोड मोबाइल- 9713577672 रायपुर** (RO-2453)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**इंचार्ज/ड्रायवर**

आवश्यकता है- ट्रांसपोर्ट इंचार्ज-02 पद, बस चालक - 04 चार (पांच वर्ष के अनुभव व बैज सहित लाइसेंस धारी) टाटा मैजिक/ टाटा विंगर-05 कंडक्टर्स- 06 (महिला/ पुरुष) गार्ड-02 पद मदर्स प्राइड हा. से. स्कूल 01, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) **संपर्क- 8839783922, 7389358588.** (RO-108)

आवश्यकता है- रायपुर में ऑटोमेटिक गाड़ी चलाने हेतु कुशल एवं 5 वर्ष के अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस की छायाप्रति भेजे **संपर्क:- 7879304752.** (RO-515)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित **सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533.** (RO-440)

हरिभूमि क्लासीफाईड



## प्रयागराज महाकुंभ

महाकुंभ-2025 का आगाज जूना अखाड़े की पेशवाई के साथ हो चुका है। तेरह अखाड़ों में सबसे बड़े जूना अखाड़ा के साधु-संत गाजे-बाजे के साथ प्रयागराज शहर में प्रवेश कर चुके हैं। गौरतलब है कि शिव संन्यासी संप्रदाय के जूना अखाड़ा सबसे बड़ा माना जाता है। इस अखाड़े में लाखों नागा साधु और महामंडलेश्वर संन्यासी हैं। इनमें से 5 से 6 लाख नागा साधु हैं। इस अखाड़े के संन्यासियों में पुरूष, महिला और किन्नर भी शामिल हैं। लेकिन इसमें रूस और यूक्रेन की महिला संत की जोड़ी कमाल कर रही है। इन दोनों महिला संतों को हिंदी भाषा नहीं आती। महाकुंभ में रूस की साशा और यूक्रेन की संत अंटासिया सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर रही है।

12 साल से साथ हैं जंग लड़ रहे दो देशों की दो महिला संत

13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा महाकुंभ

# सनातन की शरण में आते ही दोस्त बने 'रूस-यूक्रेन'

एजेंसी ▸▸| प्रयागराज

जूना अखाड़े से जुड़ी रूसी संत को न तो अंग्रेजी आती है और न ही हिन्दी, लेकिन, इस महिला संत की भाषा को यूक्रेन की संत अंग्रेजी में अनुवाद करती हैं। साथ ही लोगों की बात को सासा तक रूसी भाषा में पहुंचाती है, इन्होंने बताया कि साशा 25 वर्ष की उम्र में सनातन धर्म से प्रभावित होकर इससे जुड़ गई थी। 2013 के महाकुंभ में साशा और अंटासिया की दोस्ती हुई थी। हालांकि रूस और यूक्रेन में युद्ध चल रहा है लेकिन दोनों की दोस्ती पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।



अंटासिया और साशा की दोस्ती

लोकल 18 से बात करते हुए संत अंटासिया ने बताया कि साशा पिछले 25 साल से सनातन धर्म से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि साशा को अंग्रेजी और हिन्दी नहीं आती। मैं लोगों की बात को रूसी भाषा में अनुवाद करती हूँ फिर साशा के जवाब को लोगों तक अंग्रेजी में पहुंचाती हूं। खास बात यह है कि साशा को हिंदू धर्म काफी पसंद है और उनके धार्मिक झुकाव को देखते हुए हमने जूना अखाड़ा से जुड़ने का निर्णय लिया था।

### 3 साल से चल रहा रूस-यूक्रेन में युद्ध

पिछले 3 साल से रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष चल रहा है। इसके बावजूद रूस की साशा और यूक्रेन की संत अंटासिया की जोड़ी महाकुंभ में आकर लोगों को शांति का संदेश दे रही हैं। दोनों महिला संत भारत के विचारों और संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। खासकर हिंदू धर्म की की शांति और अहिंसा से। इसके अलावा जापान की भी संत हिंदू धर्म से प्रभावित होकर महाकुंभ 2025 में जूना अखाड़े में शामिल हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### योगी को धमकी, दिल्ली से बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले एक शख्स को नोएडा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से हथियार भी बरामद किए गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो आरोपी योगी आदित्यनाथ की कुर्बानी देने की बात कहता दिखा था। उसने सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने वाली भी टिप्पणी की थी। आरोपी की पहचान शेख अताउल पुत्र उसमान गनी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बांग्लादेश का रहने वाला है।



### रांग साइड गाड़ी, रैपर बादशाह का कटा चालान!

**नई दिल्ली।** गायक रैपर बादशाह को गलत साइड पर गाड़ी चलाना महंगा पड़ गया। गुरुग्राम पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का पालन न करने पर रैपर सिंगर का चालान काटा है। बादशाह करण औजला के कॉन्सर्ट में शामिल होने के लिए गुरुग्राम आए थे। जिस कार में गायक यात्रा कर रहे थे वह गलत दिशा से जा रही थी। गलत साइड पर गाड़ी चलाने के आरोप में गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने बादशाह का भारी चालान काटा है।



1971 जंग में भारतीय सैनिकों के बलिदान को पीएम मोदी ने बताया था जीत में अहम

पीएम मोदी की एक्स पोस्ट से नाराज बांग्लादेश बोला

# 1971 की जंग हमारी जीत थी भारत ने सिर्फ सहयोग किया था

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 1971 की जंग की 53वीं वर्षगांठ पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। पीएम मोदी ने जंग में शहीद हुए भारतीय सैनिकों के बलिदान को भारत की जीत में अहम बताया। लेकिन इस पोस्ट पर बांग्लादेश के कानून मंत्री आसिफ नजरुल ने नाराजगी जाहिर की। बांग्लादेश के कानून मंत्री ने इस टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए फेसबुक पर लिखा कि यह जीत बांग्लादेश की थी और भारत केवल सहयोगी की भूमिका में था।नजरुन ने अपनी फेसबुक पोस्ट में मोदी की टिप्पणी का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया।*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

16 दिसंबर को भारत और बांग्लादेश ने 1971 के युद्ध की याद में विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर ढाका और कोलकाता में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। ढाका में बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्रीय स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वहीं, कोलकाता में भारतीय अधिकारियों ने भी शहीदों को नमन किया। इस मौके पर 1971 के युद्ध में शामिल भारतीय और बांग्लादेशी सैनिकों ने परस्पर सम्मान प्रकट किया।

जंग की 53वीं सालगिरह पर सोमवार को हुए हैं विशेष कार्यक्रम



### बांग्लादेश में बदले हैं सियासी हालात

हालिया मुद्दे पर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को फासीवादी करार दिया। उन्होंने कहा, यूनुस सरकार आजादी विरोधी और कट्टरपंथियों का समर्थन करती है। यह सरकार बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और उसकी भावना को मिटाने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है, शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद यह पहला विजय दिवस था। जून 2024 में बांग्लादेश की हाईकोर्ट ने सरकारी नौकरियों में स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के लिए 30% आरक्षण को खत्म कर दिया था। इस फैसले से शुरू हुआ छात्र आंदोलन जल्दी ही प्रधानमंत्री हसीना के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन बन गया। अगस्त 2024 में हसीना ने इस्तीफा देकर भारत का रुख किया। इसके बाद बांग्लादेश की सत्ता सेना के हाथों में आ गई।

### भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर असर

*बांग्लादेश सरकार की पीएम मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति से दोनों देशों के संबंधों में नया मोड़ आ सकता है। विजय दिवस पर किए गए इन बयानों ने इतिहास की व्याख्या को लेकर दोनों देशों के नजरिये में अंतर अब सामने आ गया है। बता दें कि शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से ही बांग्लादेश और भारत के रिश्तों में तनाव देखा जा रहा है। हालांकि, भारत और बांग्लादेश दोनों कूटनीतिक बातचीत रिश्तों को सामान्य बनाने में जुटे हैं।*

### 1971 की जंग में क्या हुआ था?

*16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान सेना के 90,000 सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने सरेंडर कर दिया था। यह ऐतिहासिक क्षण बांग्लादेश की आजादी का प्रतीक बन गया। भारत की मदद से बांग्लादेश ने पाकिस्तान से मुक्ति पाई। बांग्लादेश में इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार के समारोह में 1971 के युद्ध के भारतीय और बांग्लादेशी सिपाही भी शामिल हुए।*

*यूक्रेन सिक्योरिटी सर्विस ने ली जिम्मेदारी*

# मॉस्को में बड़ा धमाका, रूस के न्यूक्लियर डिफेंस चीफ की मौत



एजेंसी ▸▸| मास्को

रूस के न्यूक्लियर प्रोग्राम के चीफ इगोर किरिलोव की मॉस्को के एक धमाके में मौत हो गई है। वह राष्ट्रपति पुतिन के बेहद करीबी माने जाते थे। यह धमाका राष्ट्रपति भवन से मात्र सात किलोमीटर की दूरी पर हुआ है। यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने दावा किया है कि उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इगोर किरिलोव अपने अपार्टमेंट से बाहर निकल रहे थे कि तभी पास ही पार्क एक स्कूटर में ब्लास्ट हो गया. इस घटना में इगोर किरिलोव के साथ-साथ उनके असिस्टेंट की भी मौत हो गई है। बता दें कि यह धमाका राष्ट्रपति भवन से महज सात किलोमीटर की दूरी पर हुआ है। कहा जा रहा है कि धमाके के लिए 300 ग्राम टीएनटी का इस्तेमाल किया गया था। इस संबंध में आपराधिक हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। इसी साल अक्टूबर में ब्रिटेन ने इगोर पर बैन लगाते हुए उन पर यूक्रेन में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल की निगरानी का आरोप लगाया था। सोशल मीडिया पर वायरल इस घटना के वीडियो में देखा जा सकता है कि इमारत का मलबा पड़ा हुआ है और खून से सने हुए दो शव मलबे के बीच पड़े हुए हैं। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है।



### यूक्रेन मानता है किरिलोव को युद्ध अपराधी


यूक्रेन का कहना है, किरिलोव एक युद्ध अपराधी थे और यूक्रेन के टारगेट पर थे। उन्होंने यूक्रेनी सेना पर प्रतिबंधित केमिकल का इस्तेमाल करने के आदेश दिए थे। यह अंत है, उस शख्स ने जिसने यूक्रेनियों को मारा है। हालांकि, रूस ने इन आरोपों से इनकार किया है। मालूम हो कि इगोर को अप्रैल 2017 में न्यूक्लियर फोर्सेज का प्रमुख बनाया गया था। वह इससे पहले देश के रेडिएशन, केमिकल और जैविक हथियारों जैसे डिपार्टमेंट के प्रमुख भी रह चुके हैं।

पुलिस ने खुलवाया ताला मंदिर की करवाई जा रही साफ-सफाई

# संभल के दूसरे मुस्लिम इलाके में भी मिला बंद पड़ा मंदिर

एजेंसी ▸▸| संभल

उत्तर प्रदेश के संभल में मुस्लिम इलाके में 46 साल पुराने बंद पड़े मंदिर के मिलने के बाद अभी हलचल थमी भी नहीं थी कि यहीं पर एक और मंदिर मिला है। अतिक्रमण हटाने के दौरान घनी बस्ती के बीच पुलिस को यह मंदिर दिखाई दिया। मंदिर की साफ सफाई शुरू कर दी गई है। ये मंदिर हयातनगर थाना इलाके के सरायतरीन में पाया गया है। जबकि पहले मिला मंदिर संभल के खग्गू सराय इलाके में था। सरायतरीन पूरी तरह से मुस्लिम बाहुल्य है। हालांकि यहां पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं पाया गया है। मंदिर का दरवाजा खुला तो भीतर हनुमान जी और राधा कृष्ण की खूबसूरत मूर्तियां थी जिन्हें अब जाकर साफ सुथरा किया गया है। बता दें, बीते शनिवार को भी मंदिर मिला था वह 1978 का बताया जा रहा है।



### 46 साल बाद मिले मंदिर से पास से तोड़ा गया अतिक्रमण

संभल में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान 1978 से बंद पड़े इस मंदिर को ढूंढा था। 46 सालों से बंद पड़े इस मंदिर के अंदर हनुमान जी की प्रतिमा, शिवलिंग और नंदी स्थापित थे। मंगलवार को इसी प्राचीन मंदिर के पीछे अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। कुछ मकानों के बढ़े हुए छज्जों को तोड़ा गया। कुछ लोगों के खुद ही अपने मकानों के आगे अवैध निर्माण को गिराना शुरू कर दिया था। शनिवार को मंदिर मिलने के बाद इसकी साफ-सफाई कराई गई और यहां मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना शुरू की गई।

# 'लॉरेंस बिश्नोई ने साबरमती जेल से वीडियो कॉल पर दिखाए 2 फोन'

**सनई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के एक करीबी ने बहुत ही चौंकाने वाला खुलासा किया है। उसने दावा किया कि गैंगस्टर के पास गुजरात की साबरमती सेंट्रल जेल के अंदर फोन तक पहुंच है। सितंबर महीने में दिल्ली में एक जिम मालिक की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए हाशिम बाबा ने अपने कबूलनामे में कहा है कि उसे बिश्नोई का एक वीडियो कॉल आया था, जिसने उसे दो सेलफोन दिखाए और दावा किया कि अहमदाबाद की साबरमती जेल के अंदर उसके लिए खास इंतजाम किए गए हैं। एक चैनल ने जब साबरमती जेल के अधिकारियों से संपर्क किया तो जेल के अधिकारियों ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि किसी भी कैदी के लिए कोई खास इंतजाम नहीं किए गए हैं।



### बिश्नोई का वीडियो हुआ था वायरल

जून के महीने में साबरमती जेल से पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से बात करते हुए उसका 19 सेकंड का वीडियो कॉल सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया गया था। इससे पहले उसने कथित तौर पर मार्च 2023 में जेल में रहते हुए एक न्यूज चैनल को दो बैक-टू-बैक इंटरव्यू दिए थे। इसके बाद पंजाब पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की थीं। अपने बयान में हाशिम बाबा ने यह भी आरोप लगाया कि उसे बिश्नोई का फोन आया था, जिसमें उसने अपराध को अंजाम देने के लिए दो लोगों का इंतजाम करने को कहा था।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

संसद में मंगलवार को फिर सुर्खियों में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी

# फिलिस्तीन के बाद अब बांग्लादेश, नया बैग नया संदेश

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और वाडनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा फिलिस्तीन लिखे बैग को लेकर काफी चर्चा में रहीं। वहीं सोमवार को फिलिस्तीन का बैग लेकर जाने के बाद हुए विवाद के बाद अब प्रियंका गांधी अगले दिन दूसरा बैग लेकर संसद पहुंचीं। प्रियंका जिस बैग को लेकर मंगलवार को संसद पहुंचीं उस पर लिखा था, 'बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों'। प्रियंका गांधी वाद्रा के अलावा पार्टी के कई अन्य सांसदों ने भी ऐसा भी बैग लिया हुआ था। इस दौरान सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय तथा दूसरे अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के खिलाफ संसद परिसर में प्रदर्शन किया और सरकार से उनके लिए न्याय की मांग की। सांसद संसद भवन में 'मकर द्वार' के निकट एकत्र हुए और 'केंद्र सरकार जवाब दो' और 'वी वांट जस्टिस' के नारे लगाए।



### सोमवार को उठाया था फिलिस्तीन का मुद्दा

कांग्रेस ने सोमवार को भी इस विषय को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया था। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान भी यह विषय उठाया था। वह सोमवार को फलस्तीनी लोगों के समर्थन में फलस्तीन लिखा हुआ हैंडबैग लेकर संसद पहुंची थीं। प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन के बैग को लेकर पूछे गए सवाल पर कल कहा,'उन्हें बताएं कि उन्हें बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों 'हिंदुओं और ईसाइयों' पर हो रहे अत्याचारों के बारे में कुछ करना चाहिए। बांग्लादेश सरकार से बात करें और इन्हें रोकें।'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रागातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# अलविदा 2024: फाइनल में पहुंचने के बाद भी पदक से चूकीं विनेश फोगाट, चर्चा में रहे ये विवाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल पेरिस ओलंपिक से लेकर टी-20 विश्व कप 2024 तक कुछ वैश्विक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। ओलंपिक में भारत ने कुल 6 पदक जीते तो भारतीय पुरुष टीम ने टी-20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। शतरंज में हाल ही में डी गुकेश ने इतिहास रच दिया। दरअसल, 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने। इस साल भारतीय खेल जगत में कुछ विवाद भी देखने को मिले जो काफी चर्चित रहे।

## इस साल भारतीय खेल जगत में देखने को मिले ये बड़े विवाद

### बड़े विवाद में फंस गई थी अंतिम पंघाल

पेरिस ओलंपिक में ही एक अन्य भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल बड़े विवाद में फंस गई थी। दरअसल, अंतिम पर आरोप लगा कि उन्होंने गलत तरीके से अपनी बहन को खेलगांव में भेजा था। सिक्योरिटी अधिकारियों ने अंतिम की बहन निशा पंघाल को कैंपस में एक्रेडिटेशन कार्ड का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा था। भारतीय पहलवान ने अपनी सफाई में कहा था कि वह कुछ सामान खेलगांव में भूल गई थीं, जिसके लिए उन्होंने अपना एक्रिडिटेशन कार्ड बहन को दिया था।






### विश्व कप क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल टीम के साथ हुई बेईमानी

जून 2024 में फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल टीम को कतर के खिलाफ 1-2 से हार मिली थी। दोहा में हुए मैच के 73वें मिनट में कतर से यूसुफ अयमन ने विवादास्पद गोल किया। क्योंकि फुटबॉल के 'आउट ऑफ प्ले' होने के बावजूद कतर के खिलाड़ियों ने उसे गोल पोस्ट में पहुंचाया था। इस हार से भारतीय टीम क्वालीफायर में तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी।

### फाइनल में पहुंचने के बाद फोगाट का विवाद

विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक में फाइनल मुकाबले से ठीक पहले अयोग्य घोषित किया गया था। दरअसल, मुकाबले की सुबह को उनका वजन 50 किलोग्राम की तय सीमा से लगभग 100 ग्राम ज्यादा था। कुश्ती की वैश्विक संस्था के नियमों के मुताबिक, अयोग्य पहलवान को प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर माना जाता है। विनेश ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट्स के सामने खुद को रजत पदक देने की अपील की, जिसे सीएएस ने अस्वीकार कर दिया था।

### बजरंग पर लगा 4 साल का प्रतिबंध

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया को नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (**NADA**) ने 4 साल के लिए निलंबित कर दिया था। बजरंग ने मार्च में आयोजित हुए राष्ट्रीय ट्रायल्स के दौरान अपना डोप सैम्पल नहीं भेजा था। इसी कारण उन पर यह बड़ी कार्रवाई की गई थी। ऐसे में अब बजरंग न तो किसी टूर्नामेंट या ट्रायल में भाग ले पाएंगे और न ही विदेशों में किसी को कोचिंग दे पाएंगे।

### हेड के साथ बहस पर सिराज पर लगा जुर्माना

एडिलेड में (डे-नाइट टेस्ट) ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 82वें ओवर के दौरान मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हेड के बीच बीच तीखी बहस हुई थी। दरअसल, सिराज ने उस ओवर की चौथी गेंद पर हेड को बोल्ड किया था। इसके बाद भारतीय गेंदबाज ने आक्रामक अंदाज में खुशी मनाते हुए हेड को पवेलियन की ओर जाने का इशारा किया। ऐसे में दोनों के बीच माहौल गरमा गया था। आखिर में सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगा था।

## खबर संक्षेप



### राउरकेला और रांची में दर्शकों को मिलेगा मुफ्त प्रवेश

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग के राउरकेला और रांची में होने वाले पुरुष और महिला मुकाबलों के लिए दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश देने की मंगलवार को घोषणा की। आठ टीम वाली पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग नए प्रारूप में 28 दिसंबर से राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेली जाएगी और एक फरवरी 2025 को संपन्न होगी। महिलाओं की लीग में चार टीम होंगी और यह 12 से 26 जनवरी तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर खेली जाएगी।

### रोहन जेटली फिर बने डीडीसीए के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मंगलवार को हुए चुनावों में रोहन जेटली ने बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में



पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद को 800 वोटों से हराते हुए दोबारा से डीडीसीए अध्यक्ष पद की कुर्सी हासिल कर ली है। रोहन पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरुण जेटली के पुत्र हैं। पिछली बार भी वह डीडीसीए के अध्यक्ष चुने गए थे।

आज मैच का आखिरी दिन, क्रीज पर आकाश और बुमराह

# दिग्गजों ने टेके घुटने तो बुमराह-आकाश ने चलाया बल्ला, फॉलोऑन से बचा भारत

एजेंसी ▶▶ ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन के गाबा में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के चौथे दिन के खेल में भारतीय टीम के अंतिम जोड़ी ने धमाल मचा दिया और ऑस्ट्रेलिया के पसीने छुड़ा दिए। जब दिग्गजों ने घुटने टेक दिए थे और टीम इंडिया के ऊपर फॉलोऑन का खतरा था, तब बुमराह और आकाश दीप ने मोर्चा संभालते हुए अंतिम विकेट के लिए धाकड़ भागीदारी की। दोनों ने अविजित साझेदारी करते हुए कंगारुओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भरपूर कोशिश की लेकिन अंतिम जोड़ी ने फॉलोऑन बचा लिया। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने क्रीज पर टिककर बैटिंग करते हुए कंगारू गेंदबाजों का आक्रमण झेल लिया और आउट नहीं हुए। स्टम्प्स तक भारतीय टीम का स्कोर 9 विकेट पर 252 रन था। इसके साथ ही भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के 445 रन के जवाब में फॉलो-ऑन टालने में सफलता हासिल की।

भारतीय टीम ने गाबा टेस्ट के चौथे दिन के खेल में 9 विकेट पर 252 रनों का स्कोर हासिल कर लिया। भारत ने फॉलोऑन तो बचा लिया लेकिन लीड अब भी ऑस्ट्रेलिया के पास है और यह काफी बड़ी है। अंतिम दिन के खेल में ऑस्ट्रेलिया की रणनीति देखने लायक रहेगी। भारत से केएल राहुल ने सर्वाधिक 84 रन बनाए। उनके अलावा रवींद्र जडेजा ने 77 रन का योगदान दिया। आज मैच के आखिरी दिन का खेल होना है। क्रीज पर फिलहाल आकाश (27) और बुमराह (10) हैं।



### जडेजा ने खेली संघर्षपूर्ण पारी

जडेजा ने 123 गेंदों का सामना करते हुए 77 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस संघर्षपूर्ण पारी में 7 चौके और एक छक्का भी लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 22वां और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छठा अर्धशतक रहा। इस बीच उन्होंने राहुल के साथ छठे विकेट के लिए 67 रन और नितीश रेड्डी (16) के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की।

### कमिंस ने की घातक गेंदबाजी

कमिंस ने बारिश के खलल के बीच मैच के तीसरे दिन के दौरान ऋषभ पंत (9) के रूप में अपनी पहली सफलता हासिल की थी। इसके बाद चौथे दिन में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (10) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद उन्होंने रेड्डी और मोहम्मद सिराज के विकेट हासिल किए।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने दूसरे टेस्ट शतक से चूके राहुल

कल के स्कोर (33) से आगे खेलने उतरे राहुल को चौथे दिन की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला। कमिंस की गेंद पर दूसरी स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। उम्दा बल्लेबाजी कर रहे राहुल 139 गेंदों में 84 रन बनाकर छठे विकेट के रूप में आउट हुए। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने दूसरे टेस्ट से चूक गए।

### स्कोर बोर्ड

आस्ट्रेलिया पहली पारी : 445 रन

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मार्श बो स्टार्क | 04 | 02 | 1 | 0 |
| केएल राहुल का स्मिथ बो लियोन | 84 | 139 | 8 | 0 |
| शुभमन गिल का मार्श बो स्टार्क | 01 | 03 | 0 | 0 |
| विराट कोहली का कैरी बो हेजलवुड | 03 | 16 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत का कैरी बो कमिंस | 09 | 12 | 0 | 0 |
| रोहित शर्मा का कैरी बो कमिंस | 10 | 27 | 2 | 0 |
| रविंद्र जडेजा का मार्श बो कमिंस | 77 | 123 | 7 | 1 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो कमिंस | 16 | 61 | 7 | 1 |
| मोहम्मद सिराज का कैरी बो स्टार्क | 01 | 11 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 10 | 27 | 0 | 1 |
| आकाश दीप नाबाद | 27 | 31 | 2 | 1 |

अतिरिक्त : 10 रन,कुल योग : 74 . 5 ओवर में नौ विकेट पर 252 रन

विकेट पतन : 1 -4, 2- 6, 3-22, 4-44, 5 -74, 6-141, 7-194, 8-201, 9-213

गेंदबाजी : स्टार्क 24-3-83-3, हेजलवुड 6-2-22-1, कमिंस 20.5 -2 -80-4, लियोन 21-0-54-1, हेड 1-0 -1- 0, मार्श 2 -0-6-0

टेस्ट क्रिकेट

# न्यूजीलैंड ने दर्ज की इंग्लैंड के खिलाफ सबसे बड़ी जीत



एजेंसी ▶▶ हैमिल्टन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 423 रन से करारी शिकस्त दी। यह न्यूजीलैंड की टेस्ट में सबसे बड़ी जीत (रनों के लिहाज से) है। हैमिल्टन में हुए तीसरे टेस्ट में जीत के लिए मिले 658 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लिश टीम अपनी दूसरी पारी में 234 रन पर ही सिमट गई। इसके बावजूद इस सीरीज को न्यूजीलैंड टीम ने 1-2 से गंवाया। सैंटनर के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इंग्लैंड ने लगभग डेढ़ दशक बाद न्यूजीलैंड में टेस्ट सीरीज जीतने में सफलता हासिल की है। आखिरी बार 2008 में इंग्लिश टीम ने न्यूजीलैंड को उसके घर पर 2-1 से हराया था।

### हैमिल्टन में विलियमसन ने रचा इतिहास

विलियमसन का यह हैमिल्टन के मैदान पर लगातार पांचवां टेस्ट शतक है। वह किसी एक मैदान पर लगातार 5 टेस्ट में शतक जड़ने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बने हैं। यह हैमिल्टन में उनका कुल 7वां शतक रहा। विलियमसन ने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ (33) की बराबरी की है। सक्रिय बल्लेबाजों में विलियमसन और स्मिथ से आगे सिर्फ जो रूट (36) हैं। इस सूची में विराट कोहली (30) चौथे स्थान पर हैं। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विलियमसन का कुल 46वां शतक है। सक्रिय बल्लेबाजों में उनसे आगे कोहली (81), रूट (52) और रोहित शर्मा (48) हैं।

### साउथी ने खेला अपना आखिरी टेस्ट

टिम साउथी ने अपने आखिरी टेस्ट में कुल 2 विकेट लिए। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 107 टेस्ट खेले हैं। इसकी 203 पारियों में 30.26 की औसत से 391 विकेट विकेट लिए। उन्होंने 19 बार 4 विकेट हॉल और 15 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/64 का रहा है।

संतोष ट्रॉफी

# ओडिशा ने गोवा, दिल्ली ने तमिलनाडु को हराया



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

ओडिशा ने संतोष ट्रॉफी के लिए 78वीं सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में ग्रुप बी मैच में पूर्व चैंपियन गोवा को 2-0 से हराया जबकि दिल्ली ने तमिलनाडु पर जीत के साथ अपना विजयी क्रम जारी रखा। पिछले मैच में दिल्ली के खिलाफ हार का सामना करने वाले ओडिशा ने चार मिनट के अंदर दो गोल कर पांच बार के चैम्पियन गोवा को चौंका दिया। ओडिशा के लिए राहुल मुखी (60वें मिनट) और कार्तिक हंतल (64वें मिनट) ने गोल दागे। इस जीत के साथ ही ओडिशा ग्रुप तालिका में चौथे से तीसरे पायदान पर आ गया। दिन के दूसरे मैच में दिल्ली ने तमिलनाडु को इसी अंतर से मात दी। भरान्यू बंसल (सातवें) और आशीष साव (65वें) के गोल से दिल्ली ने टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला पांच मैचों तक बढ़ा दिया। इस हार के बाद तमिलनाडु छह टीमों की ग्रुप तालिका में पांचवें पायदान पर है।

### पृथ्वी को मुंबई की टीम में नहीं मिली जगह

**नई दिल्ली।** पृथ्वी साव के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं जिन्होंने 21 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मुंबई की टीम से बाहर किए जाने पर मंगलवार को निराशा व्यक्त की। श्रेयस अय्यर 17 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे जिसे शुरुआती तीन मैच के लिए चुना गया है। अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी को भी टीम में जगह नहीं मिली है। विजय हजारे टूर्नामेंट के पिछले सत्र में अजिंक्य रहाणे ने टीम की अगुआई की थी। भारत के टी20



कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी टीम में जगह मिली है। मुंबई अपने अभियान की शुरुआत 21 दिसंबर को अहमदाबाद में कर्नाटक के खिलाफ करेगा।

# मंधाना की फिफ्टी पर भारी मैथ्यूज की पारी वेस्टइंडीज ने भारत को 9 विकेट से हराया

## इंडिया-वेस्टइंडीज टी20 सीरीज बराबरी पर, फाइनल कल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी20 मैच 9 विकेट से गंवा दिया। वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। भारत ने दूसरे मैच में 160 रनों का टारगेट दिया, जिसे वेस्टइंडीज ने 15.4 ओवर और में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से चेज कर लिया। स्मृति मंधाना (62) की फिफ्टी पर वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज (नाबाद 85) की पारी भारी पड़ी।

ऑस्ट्रेलिया की ओरसे मैथ्यूज, कियाना और कैंपबेल का बल्ला जमकर चला। निर्णायक मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा। इससे पहले, भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 159 रन जुटाए टॉस गंवाने के बाद भारतीय टीम ने खराब शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज उमा छेत्री 6रन अपना विकेट गंवा बैठीं। छेत्री को ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन ने बोल्ड किया। भारत का दूसरा विकेट जेमिमा रोड्रिग्स के रूप में गिरा। जेमिमा ने 15 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 13 रन बनाए। उन्हें हैली मैथ्यूज ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। जेमिमा ने स्मृति मंधाना के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की पार्टनरशिप की।



### स्मृति का 29वां अर्धशतक ऋचा का बल्ला चला

मंधाना ने 41 गेंदों में 9 चौकों और 1 छक्के के दम पर 62 रन की पारी खेली। उन्होंने 37 गेंदों में फिफ्टी कंप्लीट की। यह उनका टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में यह 29वां पचासा है। भारत ने 113 रन पर 7 विकेट खो दिए, जिसके बाद ऋचा घोष ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 17 गेंदों में 32 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके मारे। ऋचा को डॉटिन ने 19वें ओवर में पवेलियन भेजा। चिनेल हेनरी ने 20वें ओवर में राधा यादव (7) और साइमा साइमा ठाकोर (6) का शिकार किया।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड एवं आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**
**CIN L65110TN2014PLC097792**
**पंजीकृत कार्यालय:** केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031.
टेलीफोन: +91 44 4564 4000 | फैक्स: +91 44 4564 4022.

IDFC FIRST Bank

**सार्वजनिक सूचना**
**स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उसके द्वारा प्राप्त स्वर्ण आभूषण के विरुद्ध ऋण सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है, हम **27/12/2024** को बंधक रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं। यदि इस नीलामी से कोई अतिरिक्त राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है। इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 127197542 | यमुना लक्ष्मीराम | ग्रामीण उताई |
| 142512963 | योगेश साहू | जीई रोड रायपुर |

**नीलामी https://egold.auctiontiger.net के माध्यम से 27/12/2024 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।** इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ता को अंतिम सूचना और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे निर्धारित नीलामी तिथि से पहले सभी ब्याज और शुल्कों के साथ सुविधा बकाया राशि का भुगतान करें, अन्यथा आभूषणों की नीलामी की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं हो पाती है तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर उन्हीं नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की पुन: नीलामी करेगा। यदि ग्राहक की मृत्यु हो जाती है तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उसके कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

**दिनांक:18/12/2024 स्थान: छत्तीसगढ़**

# खेल मंत्री मांडविया ने 'फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव' को हरी झंडी दिखाई। इस पहल का उद्देश्य साइकिल को परिवहन के एक स्थायी और स्वस्थ साधन के रूप में बढ़ावा देना है। स्टेडियम से रायसीना हिल्स और वापसी तक की तीन किलोमीटर की यात्रा में करीब 500 साइकिल चालक शामिल हुए। मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाने से पर्यावरण को बड़ा बढ़ावा मिलता है। यह प्रदूषण का कारगर समाधान है और स्थिरता में भी योगदान देता है।'' मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, '' हमने इस



कार्यक्रम को 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' के रूप में लॉन्च किया है लेकिन साइकिल चलाने के शौकीनों की सुविधा के लिए इसे अब रविवार को आयोजित किया जाएगा और इसे 'संडे ऑन साइकिल' कहा जाएगा।

खेल मंत्री ने कहा, ''डॉक्टर, पत्रकार, शिक्षक, कॉर्पोरेट पेशेवर और युवा रविवार को नयी दिल्ली के साथ देश के सभी हिस्सों में एक घंटे की साइकिल यात्रा में शामिल होंगे।

### ये भी रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम को मांडविया ने रक्षा खडसे, राज्य मंत्री (खेल), सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता सिमरन शर्मा, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघस और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार सहित कई अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई।






# डीपीएस दुर्ग के स्पोर्ट्स डे-2024 का समापन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई।

डीपीएस जुनवानी दुर्ग का दो दिवासीय स्पोर्ट्स डे -2024 सैलिब्रेशन का 18 दिसंबर को समापन होगा। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

■ वन मंत्री केदार कश्यप होंगे शामिल

आयोजन में वन और पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। 18 दिसंबर को वे सुबह करीब 10 बजे कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। उनके अलावा आयोजन में कवि और सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ के पूर्व डीन डॉ. हरिओम पंवार, कवि, लेखन, यश भारती अवार्डी और पद्मश्री डॉ. सुनील जोशी, आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। डॉ. पंवार जहां वीर रस के जानेमाने कवि हैं, वहीं डॉ. जोशी हास्य रस के जानेमाने कवि हैं। मंगलवार को स्पोर्ट्स डे के उद्घाटन सत्र में दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग प्रमुख रूप से मौजूद थे। उनके अलावा डीपीएस मैनेजिंग कमेटी के मेंबर एच बत्रा और सात्विक सिंधु प्रमुख रूप से शामिल हुए। आईजी गर्ग ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने पालकों से कहा कि वे बच्चों को हारना भी सिखाएं। हार का सामना करने पर वे जीत का स्वाद ले सकते हैं। उन्होंने पालकों को साइबर क्राइम से बच्चों को बचाने, उनके मोबाइल पर क्या देखा जाना चाहिए क्या नहीं, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

डीपीएस स्कूल जुनवानी के प्राचार्य यशपाल शर्मा ने स्कूल की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने योग अभ्यास के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रतिभावान और खेलों में विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

# शराब, मादक पेय, जादू-टोना... प्राचीन मिस्रवासियों के मग पर रिसर्च से सनसनीखेज खुलासे

एजेंसी ▶▶| काहिरा

प्राचीन मिस्र के लोगों के खानपान और रहन-सहन पर एक नई और दिलचस्पी खोज सामने आई है। दक्षिण फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया है कि प्राचीन मिस्रवासी साइकेडेलिक पेय पदार्थों (नशा करने वाले) का सेवन करते थे। शोधकर्ताओं ने ये दावा एक 2,000 साल पुराने मग का विश्लेषण करने के बाद किया है। यह खोज प्राचीन मिस्र के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन पर नई रोशनी डालती है, जिसमें दुनियाभर के शोधकर्ताओं की रुचि रही है।

### नशीले पदार्थ और शराब के अंश पाए

एक रिपोर्ट कहती है कि इस प्राचीन मग पर बेस देवता का चित्र अंकित है। प्राचीन मिस्र बेस देवता की पूजा सुरक्षा, बच्चे की चाह, बीमारियों के इलाज और जादुई शुद्धि के लिए की जाती थी। शोधकर्ताओं ने केमिकल डायलिसिस तकनीक का उपयोग करके मग के अंदर के अवशेषों का विश्लेषण किया तो मग में शारीरिक द्रव, नशीले पदार्थ और शराब के अंश पाए। इससे पता चलता है कि प्राचीन मिस्रवासी इनको मिलाकर पेय पदार्थ तैयार करते थे।



### रहस्यमयी था प्राचीनवासियों का जीवन

टाम्पा म्यूजियम ऑफ आर्ट में रखे बेस मग के विश्लेषण से पता चलता है कि प्राचीन मिस्रवासियों का जीवन जितना माना जाता रहा है, उससे कहीं ज्यादा जटिल और रहस्यमयी था। यह शोध इस बात की पुष्टि करता है कि मिस्र के मिथकों में कुछ सच्चाई है। यह हमें गीजा के महान पिरामिड के पास सक्कारा में बेस कक्षों में किए जाने वाले अनुष्ठानों को समझने में भी मदद करता है। शोध दल के हेड डेविड तानासी ने कहा, 'अभी तक किसी भी शोध में ऐसी जानकारी नहीं मिली थी, जैसी इस रिसर्च से मिली है।

### क्यों अहम है ये रिसर्च

तानासी का कहना है कि धर्म प्राचीन सभ्यताओं के सबसे आकर्षक और रहस्यमय पहलुओं में से एक है। यह शोध प्राचीन मिस्र के धर्म और संस्कृति के बारे में हमारी समझ को गहरा करता है। इसने दुनियाभर के इतिहासकारों और पुरातत्वविदों का ध्यान प्राचीन मिस्र के रहस्यों की तरफ फिर से खींचा है। टाम्पा म्यूजियम ऑफ आर्ट में ग्रीक और रोमन कला के क्यूरेटर ब्रैंको वैन ओपेन ने कहा, 'मिस्र के विशेषज्ञ अनुमान लगा रहे थे कि बेस के सिर वाले मग का उपयोग किस लिए किया जा सकता था। उनको ये बिल्कुल नहीं पता था कि इन मगों का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों या जादुई अनुष्ठानों में किया जाता था।

अजीब होती है इनकी बनावट!

# रातों-रात करोड़पति बना सकता है ये कीड़ा, देखते ही तुरंत पकड़ लें जिंदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर में कई ऐसे जानवर हैं, जो इंसानों के लिए भी खतरनाक हैं। कई जीव ऐसे भी हैं, जो हमारे बेहद काम के होते हैं। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे कीड़े के बारे में बताने जा रहे हैं, जो किसी को भी रातों-रात करोड़पति बना सकता है। ऐसे में अगर ये कीड़ा आपकी आंखों के सामने आ जाए, तो पकड़ने में देर बिल्कुल न करें। इस कीड़े की बनावट भी अजीब होती है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये कीड़ा है कौन सा? तो आपको बता दें कि इसका नाम स्टैग बीटल्स है, जिसे दुनिया के सबसे महंगे कीड़ों में से एक माना जाता है।

इसकी कीमत आमतौर पर 75 लाख तक होती है, लेकिन आसानी से करोड़ों में भी बिक सकते हैं। सुनने में यह अजीब लगता है, लेकिन यह बिल्कुल सच है कि दुनिया भर में लोग इस बीटल को पालने के लिए बहुत ज़्यादा पैसे खर्च करने को तैयार हैं।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि इस छोटे से स्टैग बीटल में ऐसा क्या खास है, जो इसे महंगा कीड़ा बनाता है। ऐसे में बता दें कि इसका इस्तेमाल औषधीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। साथ ही इन्हें सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है, जिसकी वजह से इनकी कीमत बहुत ज्यादा है। अब आप सोच सकते हैं कि अगर आपको ये एक कीड़ा मिल जाए तो उसमें आसानी से ऑडी या बीएमडब्ल्यू जैसी लग्जरी कार भी खरीदी जा सकती है।



### ठंड से मर जाते हैं स्टैग बीटल

हालांकि, स्टैग बीटल को ठंड बर्दाश्त नहीं होता और वे मर जाते हैं। इसलिए इन्हें केवल उष्णकटिबंधीय जगहों में रहना पसंद है। ये ओक वुडलैंड्स, बगीचों, पार्क आदि में पाए जाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी इन्हें बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। स्टैग बीटल के लार्वा पुराने पेड़ों और सड़ती हुई लकड़ी पर निर्भर रहते हैं। ये सड़ी लकड़ी की सतहों को खुरचने के लिए अपने तीखे जबड़े का इस्तेमाल करते हैं। उनका पसंदीदा खाना सफेद सड़ांध से संक्रमित लकड़ी है।

### 2-3 इंच के होते हैं नर स्टैग बीटल्स

एक्सपर्ट बताते हैं कि नर हिरण भृंग के जबड़े बड़े होते हैं, जिनका उपयोग प्रतिद्वंद्वी नरों से कुश्ती लड़ने में करते हैं। ये कुश्ती मादाओं को जीतने के लिए होती है। नर स्टैग बीटल्स 2-3 इंच के होते हैं, लेकिन मादाएं उनसे भी छोटी होती हैं। मादाओं के जबड़े भी नरों की तुलना में छोटे होते हैं, लेकिन अधिक शक्तिशाली होते हैं। लार्वा रूप में, मादा स्टैग बीटल्स को उसके क्रीम रंग और त्वचा के माध्यम से दिखाई देने वाले मोटे अंडाशय से पहचाना जा सकता है। मादाएं आमतौर पर जमीन पर दिखाई देती हैं और हमेशा अपने अंडे देने के लिए जगह की तलाश करती रहती हैं।

### दवाई बनाने में होता है उपयोग

सौभाग्य का प्रतीक माने जाने वाले इन कीड़ों का उपयोग गठिया और वातरोग के इलाज के लिए दवाई बनाने में होता है। बता दें कि स्टैग बीटल्स के लार्वा 3 से 5 साल में वयस्क होते हैं, लेकिन इनकी कुल उम्र 4-7 साल तक होती है। अब सवाल ये है कि अगर ये कीड़ा मिल जाए तो इसे कैसे बेचें? इसके लिए हमने गूगल सर्च किया तो पाया कि इसके लिए ऑनलाइन साइट पर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। साथ ही सोशल मीडिया के जरिए भी आप इस कीड़े को बेचने की कोशिश कर सकते हैं। हालांकि, स्टैग बीटल को कानूनी तौर पर यूनाइटेड किंगडम में नहीं बेचा जा सकता है। वहां पर वन्यजीव और ग्रामीण क्षेत्र अधिनियम 1981 के तहत, इसे 'प्राथमिकता वाली प्रजाति' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। कई यूरोपीय देशों में स्टैग बीटल रेड लिस्टेड है और पूरे यूरोप में इनकी संख्या में कमी आई है। डेनमार्क और लातविया में ये विलुप्त हो चुके हैं। बता दें कि ये जीवित पेड़ों या झाड़ियों के लिए कोई खतरा पैदा नहीं करते।

# गंदे बर्तन में बर्गर पकाता है मशहूर रेस्टोरेंट, 100 साल से नहीं धोया तवा

**वॉशिंगटन।** जब भी हम कहीं खाने-पीने के लिए जाते हैं, तो सबसे पहली चीज़ जो हम जानना चाहते हैं, वो ये होती है कि खाना कितनी साफ-सफाई से बना है। स्टाफ कितने बेहतरीन तरीके से इसे सर्व कर रहा है। हालांकि, कई बार लोग स्वाद के चक्कर में इन चीज़ों के बारे में भी नहीं सोचते। कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है एक अमेरिकन फास्टफूड ब्रांड के साथ।



कई बार आप जब कुछ खाते हैं, तो उसके स्वाद में इतने खो जाते हैं कि ये सोच भी नहीं पाते कि इसे बनाया कैसे गया होगा। एक ऐसे ही स्वादिष्ट बर्गर के पीछे का सच खुद रेस्टोरेंट ने बताया, फिर भी लोगों को फर्क नहीं पड़ा। डायर्स बर्गर का नाम तो आपने सुना ही होगा। अमेरिका में साल 1912 में इस फूड रेस्टोरेंट की शुरुआत हुई थी, जो काफी लोकप्रिय है।

### सफाई को गोली मारो, स्वाद देखो

साल 1912 में **Elmer "Doc" Dyer** ने अमेरिका के मेमफिस नाम के शहर में एक बर्गर प्वाइंट की शुरुआत की थी। उन्होंने पेटीज़ को स्वादिष्ट बनाने के लिए कुछ स्पेशल सीजनिंग का इस्तेमाल किया, जिसकी वजह से लोग उनका बर्गर खाए बिना रह ही नहीं पाते थे। हालांकि, ऐसा तब तक नहीं था, जब तक कि उनका एक कुक एक दिन रात को तवा साफ करना भूल गया। अगले दिन आकर उसने उसी तवे पर बर्गर की पेटीज़ बनानी शुरू कर दीं। जब तक मालिक कुछ कहते, तब तक एक कस्टमर ने आकर कहा कि इतना स्वादिष्ट बर्गर उन्होंने अपनी ज़िंदगी में नहीं खाया। फिर क्या था, अच्छे बर्गर का सीक्रेट बन गया बिना धोया हुआ तवा और पुरानी ग्रीस।
















हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com